इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

**पैसे बीमारी ठीक होने के बाद देना**

उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, इन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।



तुलसी आयुर्वेदिक

चौरसिया कॉम्प्लेक्स (मस्जिद के सामने) गुड़ाखू लाईन, शॉप नं.-4, राजनांदगांव
मो.नं.-7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक



## पीएम मोदी ने पांच नए एम्स का किया उद्घाटन, कहा- हमारी सरकार ने हेल्थ सिस्टम को पूरी तरह बदल दिया

गांधीनगर। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात दौरे पर राज्य को 52 हजार करोड़ रुपये की सौगात देंगे। प्रधानमंत्री ने आज सुदर्शन सेतु का उद्घाटन किया। साथ ही वे राजकोट एम्स को भी जनता को समर्पित करेंगे। पश्चिम बंगाल के कल्याणी स्थित नए एम्स के उद्घाटन पर केंद्रीय मंत्री निसिथ प्रमाणिक ने कहा कि पीएम मोदी जो वादा करते हैं, उसे पूरा करते हैं। आज उन्होंने कल्याणी और देश भर में अन्य स्थानों पर एम्स का उद्घाटन किया। पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य के लोगों के लिए केंद्र सरकार के साथ समन्वय में काम करना चाहिए ताकि वे राजस्थान, एमपी, यूपी, असम और अन्य भाजपा शासित राज्यों के लोगों की तरह लाभ उठा सकें।

पीएम मोदी ने कहा कि एयरपोर्ट से लेकर इस कार्यक्रम तक आज कई लोग को देखने का मुझे सौभाग्य मिला। पुराने साथियों के चेहरे कई वर्षों बाद देखने का अवसर मिला। सभी को मैंने प्रणाम किया, क्योंकि मुझे अच्छा लगा। मैं भाजपा के राजकोट के साथियों को भी धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया।



पीएम मोदी ने कहा कि 13 हजार करोड़ रुपये की पीएम विश्वकर्मा योजना से अभी तक लाखों लोग जुड़ चुके हैं। इससे उन्हें अपने व्यापार, हुनर को बढ़ाने में मदद मिल रही है। इस योजना के मदद से गुजरात में 20 हजार से ज्यादा लोगों की ट्रेनिंग पूरी हो चुकी है। हमारी योजनाओं से लोगों को फायदा हुआ है। हम लोगों को सम्मानित कर रहे हैं। जब हमारे साथी सशक्त होते हैं, तो विकसित भारत का मिशन सशक्त होता है। जब मोदी भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की मोदी गारंटी देता है, तो उसका लक्ष्य सबका आरोग्य और समृद्धि है। जो आज ये प्रोजेक्ट देश को मिले हैं, ये हमारे संकल्प को पूरा करेंगे।

पीएम मोदी ने कहा कि जन औषधी केंद्र में 80 प्रतिशत डिस्काउंट पर दवा मिलने से गरीब, मध्यम वर्गों को लाभ मिला। हमने मध्यम वर्गों पर पड़ने वाले बोझ को कम किया। उज्ज्वला योजना के जरिए भी लोगों को लाभ मिला। टैक्स पेयर को भी हमारी सरकार में लाभ मिला है। हम बिजली का बिल जीरो करने पर जुटे हैं। हम बिजली से कमाई का भी काम कर रहे हैं। देश के लोगों की योजना से बचत और कमाई भी कराएंगे। हम देश के हर परिवार को सौर ऊर्जा का उत्पादक बना रहे हैं। सूर्य और पवन ऊर्जा के बड़े प्लांट भी लगा रहे हैं। आज मैंने गुजरात के कच्छ में ऐसे प्लांट का भी उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने करोनो को कैसे हराया, इसकी चर्चा पूरी दुनिया में होती है। हम इसलिए कर पाए क्योंकि पीछे 10 वर्षों में (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी की ताबड़तोड़ गोलियों से भूनकर हत्या, साथी की भी मौत, दो घायल



बहादुरगढ़। हरियाणा में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी के काफिले पर कार सवार बदमाशों ने गोलीबारी कर दी, वो बराही गांव से बहादुरगढ़ आ रहे थे। इस घटना में प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह राठी और जय किशन दलाल का निधन हो गया है, जबकि दो लोग घायल हैं। बदमाश आई- 20 कार में सवार होकर आए थे।

### नफे सिंह राठी और जय किशन दलाल की मौत, दो सुरक्षाकर्मी घायल

बहादुरगढ़ में इनेलो के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक नफे सिंह राठी को गोली मारी गई। उनके साथ-साथ तीन अन्य और लोगों को गोली मारी गई है। इस घटना में नफे सिंह राठी और जय किशन दलाल की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। बहादुरग? के सांखोल बराही मार्ग के रेलवे फाटक पर हमला हुआ। मौके पर गोलियों के 18 खोल मिल चुके हैं। घायलों को शहर के ब्रह्म शक्ति अस्पताल में भर्ती कराया गया है। झज्जर के एसपी अर्पित जैन ने कहा कि हमें फायरिंग की एक घटना की सूचना मिली थी। सीआईए और एसटीएफ की टीमें काम कर रही हैं। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। जांच लगातार जारी है।

### भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कानून व्यवस्था पर खड़े किए सवाल

हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि हरियाणा में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष श्री नफे सिंह राठी जी की गोली मारकर हत्या करने का समाचार बेहद दुःखद है। यह प्रदेश की कानून व्यवस्था को दर्शाता है। इस घटना ने स्पष्ट कर दिया कि कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। प्रदेश में आज कोई भी अपने आपको सुरक्षित महसूस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली दौरे से लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, बोले- लोकसभा चुनाव के लिए हम तैयार



रायपुर। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार को दिल्ली दौरे से वापस रायपुर लौट आए हैं। वे लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आयोजित भारतीय जनता पार्टी की कोर कमेटी की बैठक में शामिल होने दिल्ली गए हुए थे। इस बैठक में लोकसभा प्रत्याशियों के नाम मंथन किया गया।

रायपुर पहुंचने के बाद एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की बैठक थी। पार्टी चुनाव के लिए पूरी तरह से तैयार है। वहीं उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि दिल्ली में कल केंद्रीय नेतृत्व के साथ पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक हुई है चुनाव की तैयारियों की समीक्षा हुई और आगे किस प्रकास से लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए जुटना है, इसको लेकर योजना रचना बनी। भाजपा योग्य और जीतने वाले प्रत्याशियों को चुनाव के मैदान में उतारेगी। हमें विश्वास है कि राज्य की जनता इस बार भाजपा को 11 की 11 सीटें देगी।

## एसीबी और ईओडब्ल्यू की 12 से ज्यादा ठिकानों पर छापा, छह हजार करोड़ शराब घोटाला मामले में कार्रवाइ

रायपुर। एंटी करप्शन ब्यूरो और ईओडब्ल्यू ने छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में 12 से ज्यादा ठिकानों पर छापेमारी की है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग समेत कई जिलों में एसीबी और ईओडब्ल्यू ने सुबह तड़के छह हजार करोड़ के शराब घोटाले मामले में शामिल लोगों के यहां दबिश दी है। इस केस में कुल 13 जगहों पर एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने रेड मारी है।

इस केस से जुड़ें कारोबारियों में क्रमशः बिलासपुर, सरगांव के भाटिया डिस्टलरी, कोटा के वेलकम डिस्टलरी, दुर्ग जिले के कुम्हारी स्थित केडिया डिस्टलरी, रायपुर के अनवर ढेबर, विवेक ढांढ, अनिल टुटेजा सहित कई लोगों के यहां जांच चल रही है। टीम इन जगहों पर पहुंचकर कागजों की जांच-पड़ताल कर ही है। इन सभी करोबारियों के नाम ईडी की चार्जशीट में भी शामिल हैं। अचानक की गई



इस कार्रवाई से प्रदेश के शराब कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसी अपना काम कर रही हैं। जांच में जो भी दोषी होंगे, उन पर कार्रवाई होगी।

### 'सबूतों के आधार पर कार्रवाई'

वहीं डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि ईडी हो या ईओडब्ल्यू, जांच एजेंसिया सबूतों के आधार पर ही कार्रवाई करती हैं। जहां-जहां सबूत मिलेगा, वो वहां-वहां कार्रवाई करेगी।

इसके अलावा विपक्ष के इंडिया गठबंधन पर कहा कि जब से गठबंधन बना है, वो आपस में उलझ रहे हैं। उन्हें एक-दूसरे पर भरोसा नहीं है इसलिए जनता भी ऐसे गठबंधन पर भरोसा नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा की गई है। इस चुनाव में पार्टी योग्य और जितने वाले उम्मीदवारों को ही मौका देगी। पार्टी सभी चुनाव को गंभीरता से लेती है। लोकसभा चुनाव को लेकर पार्टी पूरी ताकत से जुट गई हुई। हमें विश्वास है कि जो जनता ने जो भरोसा बीजेपी पर किया है, उस पर हम खरा उतरेंगे। राज्य की 11 की 11 लोकसभा सीटें जीतेंगे।

### इनके यहां छापे

ईओडब्ल्यू ने जिनके यहां छापा मारे हैं, उनमें पूर्व मुख्य सचिव विवेक ढांढ, पूर्व आईएएस निरंदास दास, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## छत्तीसगढ के पहले माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ





रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम राजकोट से राजधानी रायपुर के कालीबाड़ी स्थित छत्तीसगढ के पहले माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का शुभारंभ वर्चुअल माध्यम से किया. पीएम ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ही समय में देश के विभिन्न शहरों में अनेक लोकार्पण और शिलान्यास कर नई परंपरा की शुरूआत की है. मोदी ने कहा कि ऐसे ही तेज गति से काम कर विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा.

### खाद्य सुरक्षा के लिए कवच का काम करेगी

इस दौरान छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने प्रधानमंत्री मोदी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, छत्तीसगढ़ शासन मोदी जी की गारंटी को पूरा करने के लिए दृढ संकल्पित है, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## धौलपुर में बोले राहुल गांधी, देश में आर्थिक, सामाजिक, किसान व महिलाओं के साथ हो रहा अन्याय



धौलपुर. राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार शाम को धौलपुर जिले के बोथपुरा गांव पहुंची. इस दौरान उनके साथ कांग्रेस की राष्टीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी मौजूद रहीं. वहीं, यात्रा का राज्य के पूर्व सीएम अशोक गहलोत, पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट, पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा और प्रदेश प्रभारी सुखविंदर सिंह रंधावा ने स्वागत किया. इसके बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि देश में आर्थिक, सामाजिक, किसान व महिलाओं के साथ अन्याय हो रहा है. केंद्र पर राहुल का प्रहार : राहुल गांधी ने कहा असम से शुरू हुई भारत जोड़ो न्याय यात्रा राजस्थान के धौलपुर जिले में पहुंची है. इस यात्रा के तहत न्याय शब्द जोड़ा गया है.

राजस्थान के बाद मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र में यात्रा पहुंचेगी. उन्होंने कहा कि देश में अलग-अलग तरीके के अन्याय हो रहे हैं. सामाजिक, आर्थिक और किसानों के साथ अन्याय किया जा रहा है. इसके अलावा महिलाओं के साथ भी अन्याय हो रहा है. आगे उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि देश में सिर्फ कुछ लोगों को फायदा पहुंचाया जा रहा है. किसान, मजदूर और युवाओं की अनदेखी की जा रही है. अपने संबोधन के आखिर में उन्होंने जनता का धन्यवाद किया. वहीं, प्रियंका गांधी, पूर्व सीएम अशोक गहलोत, प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने भी सभा को संबोधित किया. सभा में दो मिनट बोले राहुल- राहुल गांधी ने सिर्फ दो मिनट अपनी बातें रखी. उसके बाद उन्होंने जनता को धन्यवाद ज्ञापित किया और फिर वहां से निकल गए. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बसपा सांसद रितेश पाण्डेय भाजपा में शामिल



नयी दिल्ली। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) से उत्तर प्रदेश की अम्बेडकर नगर लोकसभा सीट से सांसद रितेश पांडेय आज भाजपा में शामिल हो गए।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा, राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ, उत्तर प्रदेश के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, राज्य के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं राष्ट्रीय मीडिया सह-प्रमुख डॉ संजय मयूख की उपस्थिति में श्री पाण्डेय ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री पाठक ने श्री पांडेय का भाजपा परिवार में स्वागत करते हुए कहा कि श्री रितेश पांडेय जी सामाजिक कार्यकर्ता हैं, वे लगातार जनसेवा में लगे रहते हैं। इनके पिता जी भी अम्बेडकर नगर से विधायक हैं और वे पहले यहाँ से सांसद भी रह चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'सबका साथ-सबका विकास' के साथ विकसित भारत की संकल्पना रखी है। आज उनके नेतृत्व में योगी आदित्यनाथ जी की सरकार में उत्तर प्रदेश का चतुरंगी विकास हो रहा है। इससे प्रभावित होकर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पीएम मोदी ने गहरे समुद्र में की साहसिक स्कूबा डाइविंग



देवभूमि द्वारका। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को देवभूमि द्वारका में साहसिक स्कूबा डाइविंग कर गहरे समुद्र में डूबी पौराणिक नगरी द्वारका के दर्शन कर पुरातन भव्यता एवं दिव्यता का अनुभव किया।

श्री मोदी ने साहसिक मानी जाने वाली स्कूबा डाइविंग कर गहरे समुद्र में भगवान श्री कृष्ण की प्राचीन नगरी द्वारका के दर्शन किए। इससे पहले उन्होंने लक्षद्वीप में भी साहसिक स्कूबा डाइविंग की थी। उन्होंने इस अवसर पर कहा, पुरातत्वीय जानकारों ने द्वारका नगरी पर अनेक शोध-अनुसंधान किए हैं जिसके कारण मेरी प्राचीन द्वारका दर्शन करने तथा उसे देखने की वर्षों से इच्छा थी। मेरा यह सपना आज पूरा हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, आज जब मुझे भगवान श्री कृष्ण की पावन भूमि पर आने का अवसर मिला, तब मैंने समुद्र में रही प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन कर पुरातन भव्यता एवं दिव्यता का अनुभव किया। मैं भगवान श्री कृष्ण का स्मरण कर प्राचीन द्वारका नगरी को मोरपंख अर्पित कर गौरव का अनुभव कर रहा हूँ। उन्होंने कहा, इस दर्शन के दौरान मेरी आँखों के समक्ष 21वीं शताब्दी में भारत के वैभव की तस्वीर भी घूम रही थी। प्राचीन द्वारका नगरी के दर्शन कर विकसित भारत का मेरा संकल्प और मजबूत हुआ है। सौराष्ट्र में अरब सागर के तट पर आस्था एवं पर्यटन में एक और मोती जुड़ा है। पर्यटक स्कूबा डाइविंग से मूल द्वारका के दर्शन कर सकें इसके लिए गुजरात सरकार कटिबद्ध है। सागर के तट पर जब सोमनाथ, माधवपुर, पोरबंदर, द्वारका, शिवराजपुर बीच, नागेश्वर तथा सुदर्शन सेतु से पर्यटन विभाग को बढ़ावा मिल रहा है तब प्रधानमंत्री ने द्वारका के गहरे समुद्र में साहसिक स्कूबा डाइविंग की और कहा कि शास्त्रों में भी प्राचीन द्वारका का उल्लेख है। , (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवारों में 36 प्रतिशत पर क्रिमिनल केसेज दर्ज हैं!

नई दिल्ली। राज्यसभा चुनाव को अब गिनती के दिन बाकी हैं तभी 15 राज्यों की 56 बैठकों के 59 उम्मीदवारों में से 58 शपथ प्रत्र के अनुसार एडीआर और नेशनल इलेक्शन वाच ने विश्लेषण किया था। जिसमें 36 प्रतिशत के विरूद्ध क्रिमिनल केस दर्ज हैं। इसके अलावा, इन उम्मीदवारों की आर्थिक पृष्ठभूमि की भी जानकारी मिली है। जिसमें कांग्रेस के उम्मीदवार सबसे अधिक धनाढ्य हैं। सभी उम्मीदवारों की औसतन सम्पत्ति 127.81 करोड़ रूपए है। राज्यसभा के 41 उम्मीदवारों ने निर्विरोध चुनाव जीता है। जब कि, 27 को चुनाव होने हैं।

ए.डी.आर. ने कहा है कि कर्नाटक में से कांग्रेस के उम्मीदवार जी.सी. चन्द्रशेखर के दस्तावेज खराब रूप से स्केन किए होने से उनके शपथ-पत्रों का विश्लेषण नहीं किया गया। ए. डी.आर. के विश्लेषण में जानकारी दी है कि 58 में से 36 फीसदी उम्मीदवारों के विरूद्ध क्रिमिनल केसेज दर्ज हैं। जिनमें से 17 फीसदी उम्मीदवारों पर गंभीर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। एक उम्मीदवार पर तो हत्या के प्रयास का केस दर्ज है।



विश्लेषण के अनुसार भाजपा के 30 उम्मीदवारों में से 8 (27 प्रतिशत), कांग्रेस 9 में से 6 (67 प्रतिशत), तृणमूल के 4 में से एक (25 प्रतिशत), सपा के तीन में से (67 प्रतिशत), वाय.एस.आर.सीपी के तीन में से एक (33 प्रतिशत), राजद के दो में से एक (50 प्रतिशत), बीजेडी के दो में से एक (50 प्रतिशत) और बीआरएस के एक उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं।

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के 58 उम्मीदवारों में से लगभग 21 प्रतिशत उम्मीदवार अरबपति हैं। जिनकी सम्पत्ति 100 करोड़ से अधिक है। राज्यसभा के उम्मीदवारों की औसतन सम्पत्ति 127 करोड़ है। हिमालय प्रदेश के कांग्रेस के उम्मीदवार और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की कुल सम्पत्ति 1,872 करोड़ है।

जबकि, उत्तरप्रदेश के समाजवादी उम्मीदवार जया अमिताभ बच्चन की सम्पत्ति 1, 578 करोड़ है और कर्नाटक के जद-एस के उम्मीदवार उपेन्द्र रेड्डी की कुल सम्पत्ति 871 करोड़ है। विश्लेषण के अनुसार शीर्ष में से तीन सबसे गरीब उम्मीदवारों में भाजपा के बालयोगी उमेशनाथ (47 लाख रू.) पश्चिम बंगाल में से समिक भट्टाचार्य और उत्तरप्रदेश में से संगीता (एक करोड़) का समावेश होता है।

एडीआर की रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के उम्मीदवारों में से 17 प्रतिशत उम्मीदवार ने 5 वीं से 12 वीं तक ही शिक्षा ग्रहण की है। 79 प्रतिशत उम्मीदवारों के पास स्नातक अथवा उससे भी ऊंची डिग्री है। उम्मीदवारों की आयु के संदर्भ में 76 प्रतिशत उम्मीदवार 51 से 70 वर्ष की आयु के बीच के हैं। जब कि, 16 प्रतिशत उम्मीदवार 31 से 50 की आयु के बीच के हैं। महिला उम्मीदवारों की संख्या 19 प्रतिशत है।

## सुरक्षाकर्मियों के साथ मुठभेड़ में तीन नक्सली ढेर, सर्च ऑपरेशन जारी

कांकेर। नक्सल विरोधी अभियान में कांकेर पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। एसएसबी, बीएसएफ और पुलिस की संयुक्त टीम ने नक्सल ऑपरेशन में निकली थी, थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम भोमरा-हुरतराई के मध्य जंगल पहाड़ी में जवानों और नक्सली के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में तीन नक्सलियों का शव बरामद किया गया है। वहीं तीन नग भरमार बंदूक बरामद किया गया है। घटना स्थल से दैनिक उपयोगी व नक्सली सामग्री भी बरामद किया गया है।

कांकेर एसपी आईके एलेसेला ने बताया कि जिले में नक्सल उन्मूलन के तहत नक्सलियों के विरूद्ध लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा, हुरतराई, मिच्चेबेड़ा व उसके आसपास क्षेत्र में नक्सल कंपनी नंबर-05 के नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना मिली थी। थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा, हुरतराई, मिच्चेचेड़ा की ओर रवाना हुये थे। आज सुबह आठ बजे थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्रांतर्गत ग्राम भोमरा-हुरतराई के मध्य जंगल पहाड़ी में



पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हुआ। नक्सलियों ने पुलिस पार्टी को भारी पड़ता देख जंगल- पहाड़ का आड़ लेकर भाग गये। पुलिस पार्टी द्वारा घटना स्थल से तीन पुरूष नक्सलियों के शव, तीन नग भरमार बंदूक एवं दैनिक उपयोगी नक्सली सामग्री बरामद किया है। मृत नक्सलियों की पहचान नही हुई है।

### बीजापुर में आईईडी ब्लास्ट में सीएएफ के जवान का बलिदान, इलाके में सर्चिंग अभियान जारी

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेशर इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) में विस्फोट होने से रविवार को छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) के एक हेड कांस्टेबल की मौत हो गई। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना दोपहर करीब साढ़े तीन बजे नक्सल प्रभावित जिले के मिरतुर पुलिस थाना क्षेत्र के बेचापाल पदमपारा गांव के पास हुई, जब सीएएफ की एक टीम इलाके में निगरानी अभियान पर निकली थी। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ऑपरेशन बेचापाल पुलिस कैंप से कुतुलपारा गांव की ओर चलाया गया। जब गश्ती दल शिविर के पास के क्षेत्र से आगे बढ़ रहा था, तभी सीएएफ की 19वीं बटालियन के हेड कांस्टेबल राम आशीष यादव ने अनजाने में एक दबाव आईईडी कनेक्शन पर कदम रख दिया, जिससे विस्फोट हो गया, जिसके परिणामस्वरूप उनकी मृत्यु हो गई। पार्थिव शरीर को मिरतुर ले जाया गया और मिरतुर इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा तृतीय चरण के लखोली गौठान मैदान शिविर में केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने वार्डवासियों ने लिया आवेदन

## मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत् लाभार्थियों ने अनुभव साझा कर प्रधानमंत्री को दिया धन्यवाद



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के उद्देश्य से निकली तृतीय चरण की विकसित भारत संकल्प यात्रा आज दोपहर लखोली गौठान पहुची, जहॉं शिविर के माध्यम से वार्डवासियों को केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ देने विभिन्न विभाग की स्टाल लगायी गयी। शिविर का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष श्री किशुन यदु, पार्षद शिव वर्मा व कमलेश बंधे, पूर्व पार्षद हेमराज साहू, श्रीमती सुनिता साहू व श्रीमती देवबति साहू, पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे सहित आकाश चोपड़ा ने फिता काट कर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर किया एवं उपस्थितजनों को विकसित भारत के लिये संकल्प दिलायी।

शिविर में उपस्थित अतिथियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालो का अवलोकन किया तथा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वस्थ बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया। साथ ही हितग्राहियों को प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत सांई बाबा स्व सहायता समूह को 1 लाख रूपये व जय मॉं वैभव लक्ष्मी स्व सहायता समूह को 1.50 लाख रूपये का चेक तथा कमल किशोर वारके, राधिका साहू, कविता साहू, पेमिन पाण्डे, सविता भट्ट व पिलेश्वरी गिरधर साहू को 10-10 हजार रूपये का बैक द्वारा दिये गये ऋण का चेक वितरण किया गया एवं गायत्री साहू व यशवंत रावत को आयुष्यमान कार्ड और मीना साहू व रेखा बाई साहू को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय शहरी आजिविका मिशन योजना के तहत गठित एएलएफ-एसएचजी के तहत राजीव नगर के एकलव्य क्षेत्रीय स्तर संघ, लखोली के जय मॉं शीतला स्व सहायता समूह, संजय नगर के जय मॉं लक्ष्मी स्व सहायता समूह, वार्ड नं. 40 हाट बाजार के जय मॉं दुर्गा स्व सहायता समूह व वार्ड नं. 37 ठाकुर दैया के सत्य कबीर स्व सहायता समूह को उत्कृष्ट कार्य करने के लिये सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अपने उद्बोधन में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु व वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा व पार्षद प्रतिनिधि आशीष डोंगरे ने कहा कि मोदी जी ने जो गारंटी दिये है, उसे पूरा करने उनके द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा देश में प्रारंभ की गयी उक्त यात्रा हमारे प्रदेश में भी आयी है और तृतीय चरण की संकल्प यात्रा आज शहर में पहुची है, जिसके लिये नगर निगम द्वारा वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, जहॉं छुटे हुये हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ लेने आवेदन दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी बढ़ चढकर शिविर का लाभ उठावे।

### शिविर में वार्डवासियों ने विभिन्न योजनाओं के लिये किया आवेदन

शिविर में विभिन्न वार्डो के 7 सौ से अधिक लोग शिविर में एवं पोर्टर के माध्यम से उपस्थित हुये और योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 2 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 400 ने, आधार के लिये 31 ने, उज्जवला योजना के लिये 6 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 5 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 2 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 300 लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 7 लाभार्थियों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत अपने अनुभव साझा किये। जिनमें पारो बाई यादव ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना का लाभ लेकर तथा आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मोनीका चौरे व गौर बाई यादव ने तथा मेवालाल साहू ने एनसीडी के तहत बी.पी. शुगर के अलावा दुर्गा प्रजापति, भरत मेश्राम व चम्पा पाल ने पी.एम. सीकल सेल अभियान के तहत लाभ लेकर अपने अनुभव साझाकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को योजना का लाभ देने धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 7 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी, वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### नवीन राशन कार्ड वितरण के लिये 29 फरवरी तक वार्डो में शिविर

राजनांदगांव (दावा)। शासन आदेशानुसार सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत राज्य में प्रचलित राशन कार्डो के नवीनीकरण के संबंध में जिलाधीश संजय अग्रवाल के निर्देश पर नवीन राशन कार्ड वितरण वार्डो में किये जाने निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता ने अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी है।

आयुक्त श्री गुप्ता ने बताया कि शासन आदेशानुसार जिलाधीश के निर्देश पर नवीन राशन कार्ड का वितरण प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक 29 फरवरी तक किया जाना है, जिसके लिये वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, राशन कार्ड वितरण करने अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी लगायी गयी है। जिसके तहत वार्ड नं. 1, 2, 3, 4 व 8 के लिये मोतीपुर सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 5, 6, 7, 9 व 10 के लिये चिखली स्कूल में, वार्ड नं. 11, 12, 13, 14 व 15 के लिये बापू प्राथमिक शाला स्टेशन पारा में, वार्ड नं. 16, 17, 18 व 19 के लिये ठा.प्यारेलाल स्कूल में, वार्ड नं. 20, 21 व 22 के लिये रेवाडीह स्कूल के पास सामुदायिक भवन में वार्ड नं. 42, 43, 44, 45 व 46 के लिये कौनिभाठा स्कूल में 23, 24 व 37 के लिये पुत्री शाला में, वार्ड नं. 25, 26 व 27 के लिये सत्यनारायण धर्मशाला में, वार्ड नं. 28, 29, 30 व 31 के लिये लखोली सामुदायिक भवन में, वार्ड नं. 32, 33, 34 व 35 के लिये लखोली प्राथमिक शाला में, वार्ड नं. 36, 38, 39, 40, 41 व 48 के लिये इंदिरा नगर पानी टंकी में, वार्ड नं. 47, 49, 50 व 51 के लिये नल घर मोहारा में शिविर लगाया गया है। उन्होंने बताया कि उपरोक्त शिविर में लगे अधिकारी कर्मचारी पुराने राशन कार्ड समर्पित कराकर नवीन राशन कार्ड का वितरण करेगे।

### आज बजरंगपुर नवागांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर



राजनांदगांव (दावा)। कल 26 फरवरी दिन सोमवार को शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे वार्डवासी शासन की योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री उज्वला गैस, विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना नल कनेक्शन के फार्म भरकर योजना का लाभ उठाये। उत्तर मंडल सोशल मीडिया प्रभारी योगेश साहू ने वार्डवासियों से अधिक संख्या में उपस्थित होकर योजना का लाभ उठाने की अपिल की है।

### दैहान में मनाया गया संत शिरोमणि गुरु रविदास जंयती



डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ विकासखंड के ग्राम दैहान में संत शिरोमणि गुरु घासीदास की 647 वीं हर्षोल्लास के साथ बनाया गया। जिसमें ग्राम के सरपंच दिलेश्वरी दुलेश वर्मा, बलकरण वर्मा, हरिचंद पटेल, तोपेश्वर वर्मा, लतमार यादव, जीतू यादव, रोहित कुमार खरे, निलेश कुमार खरे, अनिल कुमार भांडेकर, राजेश्वर उपस्थित थे।

### श्रीमती महेसिया बाई का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के प्राचार्य की माता श्रीमती महेसिया बाई उम्र 80 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया। विद्यालय परिवार की ओर से माता जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अंतिम यात्रा आज प्रातः 10 बजे प्रकाश यादव के निवास से छीरपानी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान होगी।






# छात्र युवा मंच के 100वें रक्तदान शिविर में 1000 रक्तवीर करेंगे रक्तदान

## भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण के अवसर पर महावीर चौक से महाकाल चौक मे होगा आयोजित



राजनांदगांव (दावा)। रक्तदान कर मानव जीवन बचाने की पहल को लेकर कार्य कर रही संस्था छात्र युवा मंच परिवार की साप्ताहिक बैठक आज महावीर मंदिर में आयोजित की गई। इस बैठक में संगठन के महत्वपूर्ण संगठनात्मक विषयों पर चर्चा कर आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई गई, जिसमें उपस्थित सभी पदाधिकारी ने सहमति दर्ज कर अपने विचार व्यक्त किये, छात्र युवा मंच के प्रदेश संयोजक नागेश यदु ने बैठक के संचालन करते हुए आगामी कार्यक्रम शहर के 51 वार्ड में रक्तदान जागरूकता शिविर, सदस्यता अभियान, 28 फरवरी शहीद संदीप यदु शहादत दिवस, 12 जुलाई संगठन स्थापना दिवस व 22 जनवरी 2025 भगवान राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्ष के अवसर पर 1000 रक्तवीरो का विशाल रक्तदान शिविर का कार्यक्रम आयोजित किया जाना है।

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के सभी संस्था, महाविद्यालय विद्यालय समाजिक संगठन और समाज प्रमुखों को जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

### जिले का सबसे विशाल व भव्य रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

रक्तदान के प्रति बने हुए डर व भ्रान्तियों को दूर करने छात्र युवा मंच निरंतर रक्तदान शिविर का आयोजन कर रही है संगठन ने अभी तक 89 रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है इन 89 रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय, विद्यालय संस्कृतिक भवन, मंदिर, धार्मिक कार्यक्रम, शहीद जवानों की स्मृति में राजनेताओं के जन्मदिन आदि के साथ नामकरण गृह प्रवेश व विवाह जैसे आयोजनों मे शिविर आयोजित कर रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया इसी जन जागरूकता के तहत 22 जनवरी 2025 को शहर के मध्य महावीर चौक से महाकाल चौक में विशाल व भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा जो की राजनांदगाव जिले सहित छ्ग प्रदेश के इतिहास मे सबसे विशाल रक्तदान शिविर होगा, आज के इस महत्वपूर्ण बैठक में प्रदेश संयोजक नागेश यदु रक्तवीर, प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभान जंघेल, प्रदेश अध्यक्ष छत्रपति शिवाजी रक्तवीर, मंच माधव साहू, ग्राम अध्यक्ष दुष्यंत सेन, हॉर्टिकल्चर कॉलेज अध्यक्ष खेमचंद साहू, मार्गदर्शन समिति सदस्य सुरेश साहू उपस्थित रहे।

# इला सिद्दीकी अधिमान्य पत्रकार संघ के छत्तीसगढ़ की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मनोनित



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय ओ. सिंह पंसौरियां की अनुसंशा पर महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती तान्या सिंह ने राजनांदगांव की महिला पत्रकार इला सिद्दीकी जो की शासकीय दिग्विजय महाविधालय में बी.ए. जेएमसी पत्रकारिता का प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम श्रेणी में पास और गोल्ड मेडलिस्ट है, साथ ही टीवी न्यूज चैनल में संवाददाता के रूप में कार्यरत हैं। उनकी सक्रियता को देखते हुए छत्तीसगढ़ महिला इकाई के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करते हुवे उन पर विश्वास जताया एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकारों का विशेषकर महिला पत्रकारों के उत्पीड़न के विरुद्ध मोर्चा संभालने की कमान भी सौंपी।

श्रीमती तान्या सिंह ने पत्रकार इला सिद्दीकी को संघठन मजबूत करने हेतु पत्रकारों को संघटित करने के भी निर्देश दिए। मनोनयन पर पत्रकार इला सिद्दीकी ने संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय पंसारिया एवं महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष तान्या सिंह का आभार प्रकट किया।

# पटेवा में चोरों का आतंक

घुमका/पटेवा (दावा)। पटेवा सहित अंचल में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही है, घरों में, विद्या की मंदिर में, दुकानों में चोरी होने के साथ-साथ राहगीरों से लुटपाट की घटनाएं घटित होना एक आम बात हो गई है किन्तु पुलिस प्रशासन चोरों को पकड़ने में अभी तक असफल साबित हुई है, एक सप्ताह पहले इराईखुर्द में घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दे रहे चोर को पकड़ा गया था, जिसमें चोरी करने वाले की संख्या तीन थी जिसमें एक पकड़ा गया।

भागे गए दोनों चोरों को पकड़ने में घुमका पुलिस को सफलता मिल गई और उन्हें भी जेल भेज दिया गया, पकड़े गए चोर ने जालबांधा पटेवा क्षेत्र में अनेक स्थानों पर चोरी करना स्वीकार किया है पता चला कि उनके गिरोह की संख्या 11के आसपास है जिसमें खैरागढ़ पुलिस को चार चोरों को पकड़ने में सफलता मिली है तथा उन्होंने चोरी की अनेक घटनाओं को अंजाम देना स्वीकार किया है तथा करीब छः लाख की सम्पत्ति बरामद की जा चुकी है । सरस्वती शिशु मंदिर हाई स्कूल पटेवा में चोरी करने वाले कैमरे में कैद हुए चोर फुटैज में इसी उम्र के दिखाई दे रहे हैं जिससे पूरी संभावना व्यक्त की जा रही है कि उक्त घटना को इसी की गैग ने अंजाम दिया होगा। यदि पुलिस प्रशासन चोरी की घटनाएं पर गंभीरता नहीं दिखाई तो चोर के हौसले और बुलंद हो सकतें हैं।

# दंत चिकित्सा को आयुष्मान भारत योजना में जोड़ने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। आयुष्मान भारत योजना से इलाज के लिए बड़ी संख्या में लाभान्वित हो रहे लोगों द्वारा दंत चिकित्सा को भी इस योजना में जोड़े जाने मांग की जा रही है।

इसकी वजह दंत चिकित्सा में इलाज को लेकर आ रहे ज्यादा रुपयों के खर्च को बताया जा रहा है। पहले इस योजना के तहत दंत चिकित्सा में गरीब तबके के लोग ज्यादा लाभान्वित हो रहे थे। लेकिन अब इसे बंदकर दिए जाने से इन वर्गों के ऊपर दंत चिकित्सा में बहुत आर्थिक भार पड़ रहा है।

बता दें कि शहर के मध्य काली माई मंदिर रोड में अग्रसेन भवन के पास भरकापारा स्थित दादाजी डेंटल क्लीनिक जहां विगत 10 वर्षों से डॉ. सुबोध गुप्ता द्वारा मरीजों की सेवा की जा रही है। यह डेंटल क्लीनिक छ.ग. का पहला ऐसा डेंटल क्लीनिक बन गया है, जिसे राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान की गई है। उनके डेंटल क्लिनिक में दातों के इलाज के लिए आने वाले गरीब तबके के लोगों को आर्थिक परेशानियां को देखते हुए डॉ. सुबोध गुप्ता ने गरीब व जरुरतमंद लोगों के दांतों के इलाज के लिए इसे आयुष्मान योजना में शामिल करने की अपील की है।

डॉक्टर गुप्ता ने मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही आयुष्मान भारत योजना की जमकर सराहना की व कहा कि इस योजना से गरीब लोगों के इलाज में पैसा बाधक सिद्ध नहीं हो रहा। गंभीर से गंभीर इलाज के लिए आयुष्मान योजना का पांच लाख रुपए पर्याप्त साबित हो रहा है।

और इस योजना का लोग जमकर लाभ उठा रहे हैं। डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि ज्यादातर लोग दांतों के रोग से ग्रसित होते है। जिसके इलाज के लिए गरीब तबके के लोगो को हजारों रुपए खर्च करने पड़ते है। चूंकि दांतों का रुट केनाल से लेकर नए दांत लगवाने, रिपेयर करवाने आदि सहित इलाज करवाना महंगा जान पड़ता है। इसलिए इलाज के अभाव में उन्हें तडफ़ कर रह जाना पड़ता है या फिर गहने जेवर, घर मकान खेत आदि बेच कर या गिरवी रख कर इलाज करवानी मजबूरी हो जाती है। ऐसे गरीब तबके के लोगों के लिए अपने दांतों का इलाज करवाने के लिए आयुष्मान भारत योजना में व्यवस्था की जानी आवश्यक है ताकि गरीब वर्ग के लोगों को अन्य चिकित्सा सुविधा की तरह दांतों की चिकित्सा सुविधा की लाभ मिल सके।

## पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024

# नागरिक इलेवन ए ने नागरिक इलेवन सी को और पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फायनल में बनाई जगह

## नागरिक इलेवन ए और पुलिस इलेवन के मध्य फायनल मुकाबला आज



राजनांदगांव (दावा)। प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 के पहले सेमीफायनल मैच में नागरिक इलेवन सी ने नागरिक इलेवन ए को और दूसरे रोमांचक सेमीफायनल मैच में पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को हराकर फायनल में जगह बना ली है।

इस तरह पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 का फायनल मुकाबला नागरिक इलेवन ए और पुलिस इलेवन के मध्य 25 फरवरी 2024 को संध्या 7 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में खेला जाएगा। खेले गए सेमीफायनल मैच में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, डॉक्टर रुबीना अंजुम अल्वी, मेंबर छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी रायपुर, पूर्व असिस्टेंट प्रोफेसर, शासकीय कमलादेवी महिला महाविद्यालय, ट्रस्टी आई.बी. ग्रुप, एबिस कंपनी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने प्रतियोगिता की प्रशंसा करते हुए आयोजन समिति और खिलाड़ियों को बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि नगर के जनमानस से दिग्विजय स्टेडियम जुड़ा हुआ है। यह भव्य स्टेडियम को संजोय रखना हम सभी का दायित्व है।

यहां निरंतर खेलों के आयोजन होते रहना चाहिए ताकि हमारे शहर व जिले की प्रतिभाएं विभिन्न खेलों के माध्यम से प्रदेश व देश का नाम रौशन करें। दिग्विजय स्टेडियम के प्राकृतिक घास के पिच पर दूधिया रौशनी में खेली जा रही प्रशासन, पुलिस, प्रेस, पब्लिक सोसायटी द्वारा आयोजित की जाने वाली पी-4 सद्भावना क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2024 में कल रात्रि खेले गये पहले सेमीफायनल मैच में गतवर्ष की उपविजेता नागरिक इलेवन सी ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित करते हुए दमदार नागरिक इलेवन ए को 13 रन से पराजित कर फायनल में पहुंची गई है।

नागरिक इलेवन सी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और उसके बल्लेबाज सुनील साहू के 16 रन और शिवम चौधरी के 15 रन की बदौलत 10 ओवर में 2 विकेट खोकर 78 रन बनाये थे। जिसके जवाब में नागरिक इलेवन की टीम 65 रन बनाकर ही सिमट गई। जिसमे ईश्वर सिन्हा ने 20 रन बनाये थे। नागरिक इलेवन सी की ओर से दौलतराम देवांगन ने 4 विकेट और फरमान अली ने 2 विकेट लेकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। दूसरे खेले गये संघर्षपूर्ण मैच में पुलिस इलेवन ने प्रशासन इलेवन को 9 रन से हराकर फायनल में पहुंची। पुलिस इलेवन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 4 विकेट खोकर 74 रन बनाये थे। जिसमें ब्रजेश भदौरिया का 16 रन और नवरतन कश्यप का 14 रन का योगदान थां। इसके जवाब में प्रशासन इलेवन की टीम शुरूवात से ही पुलिस टीम के गेंदबाजी व क्षेत्ररक्षण को भेंद नहीं पाई और उसके बल्लेबाज जल्दी-जल्दी आउट होते चले गये। पूरी टीम 65 रन पर आउट हो गई। पुलिस इलेवन की ओर से राजेश मिश्रा ने 3 विकेट और राहुल देव शर्मा व संजय बरेट ने 2-2 विकेट लिए।

पुलिस इलेवन की जीत पर पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग ने मैदान पर पहुंचकर खिलाडियों को बधाई व शुभकामनाएं दी और फायनल जीतने की पूरी उम्मीद जाहिर की। खेले गए मैच में भावेश बैद द्वारा प्रदत्त मैन-ऑफ-द-मैच का पुरस्कार पहले सेमीफायनल मैच में दौलतराम देवांगन नागरिक इलेवन सी और दूसरे सेमीफायनल मैच में राजेश मिश्रा पुलिस इलेवन को दिया गया। नागरिक इलेवन ए और पुलिस इलेवन के मध्य खेले जाने वाले फायनल मैच के लिए आयोजन समिति द्वारा खेलप्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्सावर्धन करने का आग्रह किया गया है।

# मयूर होटल वाले मार्ग में भारी वाहनों का जमावड़ा

**राजनांदगांव (दावा)। रेल्वे स्टेशन रोड से बल्देव बाग जाने वाली सड़क में हमेशा भारी वाहनों का जमावड़ा होने से लोगों को आवाजाही संबंधी परेशानी उठानी पड़ रही है।**

## लोगों को आवाजाही में परेशानी



बता दे कि मयूर होटल से महारानी लक्ष्मीबाई स्कूल रोड, विश्राम गृह व बल्देवबाग जाने वाली इस सड़क में हमेशा लोहा सीमेन्ट व हार्डवेयर सहित किराना सामानों से लदी गाड़ियां लोडिंग-अनलोडिंग होते रहती है। इसके कारण राहगीरों व दुपहिया वाहन वाले लोगों को गुजरना मुश्किल हो जाता है।

कई बार जाम की स्थिति भी बन आती है। इस रोड में कई बार दुर्घटनाएं भी हो चुकी है, लेकिन ट्रेफिक वालों की इस और ध्यान नहीं जाने से लोग जाम में फंसकर छटपटाते रहते है।

बल्देवबाग निवासी गुंजन गुप्ता ने बताया कि इस रोड में लक्ष्मीबाई कन्या शाला के बच्चों का आना जाना बना रहता है लेकिन भारी वाहनों के लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य चलने से उन्हें जाम की स्थिति का सामना करना पड़ता है। इससे वाहनों के आगा-पीछा होते रहने के कारण उन्हें दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। उन्होंने कहा कि किसी को जल्दबाजी में रेल्वे स्टेशन जाना होता है, तो वहां भारी वाहनों का जमावड़ा होने से चाह कर भी स्टेशन नहीं पहुंच पाते है। उनकी गाड़ी मिस हो जाती है। बुजुर्ग आदमी तो इस रास्ते से आवाजाही भी नहीं कर पाते। दिक्कत की बात यह कि इस रोड में यातायात सिपाही नजर ही नहीं आते। इससे लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है।

### वैकल्पिक मार्ग की आवश्यकता

श्री गुप्ता ने कहा कि चूंकि मयूर होटल वाले रोड में लोहे-सीमेन्ट, हार्डवेयर, बैंक आदि सहित होलसेल वालों की दुकानें है। जहां पर आने वाली गाड़ियों से प्रायः लोडिंग-अनलोडिंग होते रहती है। जहां से लोगों का गुजरना मुश्किल होता है। उन्होंने बताया कि इस रोड में विश्राम गृह के पीछे खुला भाग है, जहां गाड़ियों की पार्किंग की जा सकती है। भारी वाहने लोड-अनलोड भी हो सकती है। वर्तमान में रेल्वे माल गोदाम में लोडिंग अनलोडिंग होने वाली गाड़ियों का यहां से ही आवागमन होता है। यदि मयुर होटल वाले मार्ग में लोडिंग-अनलोडिंग होते खड़ी रहने वाली गाड़ियों को उस जगह पर व्यवस्था दी जाए तो लोगों की परेशानी समाप्त हो सकती है। वैसे भी माल गोदाम पारी गांव में शिफ्ट होना है। अतः यह स्थान काम दे सकता है। इस संबंध में कुछ लोगों ने स्टेशन मास्टर का ध्यान आत्कृष्ट भी किया है।

बता दे कि विश्राम गृह के समीप बन रही रेल्वे अंडरब्रिज के चालू होने से इस रोड में यातायात और भी अधिक बढ़ जाएगा। इससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ जाएगी। हर पल दुर्घटना का खतरा भी बना रह सकता है। इसलिए यातायात विभाग वालों लोगों को इस रोड से यातायात जाम से छुटकारा दिलाने तत्संबंधित वैकल्पिक स्थान की ओर ध्यान दिया जाना आवश्यक है।

# प्रधानमंत्री जी का मन की बात की 110 वी कड़ी भर्रीटोला में सुनी गई



छुरिया (दावा)। छुरिया विकासखंड के ग्राम भारीटोला अ में भारतीय जनता पार्टी मंडल छुरिया के पदाधिकारियों ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात की 110 वीं कड़ी ग्रामीणजनों के साथ सुनी गई।

देश के प्रधानमंत्री ने अपने उद्बबोधन करते हुए देश के पहले वोट डालने वाले युवाओं को 18 वीं लोकसभा मे प्रत्याशी चुनने का मौका इन युवाओं को मिलेगा। साथ ही उन्होंने मार्च में आचार संहिता लगने की भी जानकारी दी। साथ ही अगले तीन महीने तक मन की बात की प्रसारण नही होने की भी जानकारी दी।

देश के सभी युवाओं को मन की बात कार्यक्रम की छोटे छोटे वीडियो डालने के साथ हेश टैग के सोशल मीडिया में शेयर करने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर मुखरूप से अजय पटेल अध्यक्ष भाजपा मंडल, संजय कुमार सिन्हा महामंत्री, राजेश्वर ध्रुवे, लोकेश चंद्रा, तोरण दास वैष्णव, ललित साहू, छबिल यादव, पतराम साहू, नकुल साहू, राजाराम गोंड, तोमन यादव, खिलावन साहू, महेत्तर नेती, डीपेश साहू, नवल चंद्रवंशी, पूनाराम चंद्रवंशी सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या मौजूद रहे।

# प्रदेश महामंत्री भरत वर्मा ने वित्त मंत्री चौधरी संग सुनी समस्या

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर, रायपुर में वित्त मंत्री ओपी चौधरी, भाजपा छत्तीसगढ़ के प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा की उपस्थिति में सहयोग (जनदर्शन) कार्यक्रम के माध्यम से पूरे प्रदेश से पहुंचे देवतुल्य जनता एवं कार्यकर्ताओं की समस्याओं एवं मांगों को गंभीरता पूर्वक सुना तथा उनके यथोचित निराकरण हेतु प्रयास किया।



## गणेश प्रसाद शर्मा मितान लोक महोत्सव में सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। साहित्य, संस्कृति व क्रीडा के साथ ही सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने वाले शिक्षक गणेश प्रसाद शर्मा 'गन्नू गुरुजी' का 23 फरवरी को ग्राम पेंड्री सुकुलदैहान में हुए मितान लोक महोत्सव 2024 में सांसद संतोष पांडेय के हाथों सम्मान किया गया। इस अवसर पर मितान लोककलाकारों की संस्था के अध्यक्ष राजेश मारु, जिला पंचायत सदस्य अशोक देवांगन एवं अन्य ग्रामवासी भी उपस्थित थे।

# अभूतपूर्व उत्साह के साथ रवाना हुई आस्था स्पेशल ट्रेन

## जय श्री राम के नारों से गूंज उठा रेलवे स्टेशन, जिले के लगभग 670 श्रद्धालुओं को अयोध्या के लिए किया रवाना

**राजनादगांव (दावा)। अयोध्या धाम के लिए केंद्र एवं राज्य शासन के सहयोग से एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय विधानसभा अध्यक्ष डॉ.रमन सिंह के विशेष अनुग्रह पर चलाई गई स्पेशल गाड़ी आस्था बुधवार सुबह 12:20 पर राजनांदगाव रेलवे स्टेशन से रवाना हुई।**





गाड़ी रवाना होने से पहले अयोध्या धाम जाने के लिए पहुंचे यात्रियों की ओर से जयश्री राम के नारे लगाए गए, जिससे पूरा रेलवे स्टेशन ही श्री राम नाम से रंग गया। वही अयोध्या धाम जाने के लिए पहुंचे यात्रियों के आंखों में भी राम लला के दर्शनों के लिए अलग ही उत्साह देखने को मिला। स्टेशन पर पहुंचे यात्रियों ने एक ही स्वर में कहा कि वह बेहद खुश है कि उन्हें अपने इस जीवन में अयोध्या धाम जाकर राम लला के दर्शन करने का मौका मिल रहा है। यात्रा के प्रभारी रवि सिन्हा ने बताया कि अयोध्या धाम के लिए चलाई गई स्पेशल ट्रेन की सभी सीट पूरी तरह से फूल हो चुकी थी। 1346 लोगों का पंजीयन पूर्व में ही किया जा चुका था, जिसका पंजीयन कार्ड वितरण रेलवे परिसर पर ही किया गया एवं क्रमबद्ध तरीके से स्टेशन में प्रवेश दिया गया। सारी व्यवस्थाओं को बिना किसी भगदड़ या दिक्कत के सुचारू रूप से क्रियान्वयन करने के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने एवं रेलवे प्रबंधन के अधिकारियों का सहयोग विशेष रूप से रहा। सभी ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि मुख्यमंत्री एवं विस अध्यक्ष डॉ. रमन के कारण ही हमें रामलला के दर्शन का सौभाग्य मिला।

राम भक्तों का उत्साहवर्धन करने के लिए एवं ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के लिए सांसद संतोष पांडे एवं वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख उपस्थित रहे एवं उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, भरत वर्मा, सचिन बघेल, संतोष अग्रवाल, राजेन्द्र गोलछा, रविन्द्र वैष्णव, रामकुमार गुप्ता, हाकिम खान, तरुण लहरवानी, हर्ष रामटेके, रोहित चंद्राकर, अमर लालवानी, रवि सिन्हा, भीषम देवांगन, किशुन यदु, मनीष गोलछा, मूलचंद भंसाली विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बागनदी पुलिस आरक्षक हत्या के मामले में 10 वां पशु तस्कर भी



राजनांदगांव (दावा)। पशु तस्करों को पकड़ने के दौरान बागनदी पुलिस को वाहन से कुचलकर हत्या करने वाला 10 वां आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। आरोपी यादोराम पाल को पुलिस ने चिचोला से गिरफ्तार किया गया। बता दें कि उक्त घटना के बाद से पशु तस्करी में संयुक्त स्थानीय लोगों से लेकर महाराष्ट तक के सप्लाई चैन की पता तलाश जा रही थी और विवेचना दौरान पूर्व में 9 आरोपियों को अलग-अलग स्थानों से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। लेकिन 10 वां आरोपी फरार चल रहा था। उसे भी बागनदी पुलिस ने धरदबोचा।

घटना की विवेचना दौरान अलग-अलग स्थान से पूर्व में 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। लेकिन फरार चल रहे आरोपी को पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहूल देव शर्मा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में आरोपी यादोराम पाल साकिन चिचोला को गिरफ्तार किया गया।

बताया जाता है कि घटना दिनांक को गिरफ्तार आरोपी यादोराम पाल पिता परमानंद पाल (32 वर्ष) निवासी बापुटोला शीतला मंदिर के पास वार्ड नंबर 9 चौकी चिचोला जो कि मनीष अंबादे निवासी डोंगरगढ़ के साथ मिलकर महाराष्ट्र के पशु तस्करों के लिए पशुओं से लोड पिकअप को बॉर्डर तक रेकी करते हुए वाहनों को पार कराता था।

आरोपी द्वारा पशुओं से भरे पिकअप को घटना दिनांक को रेकी करते हुए चिचोला तक पार कराना बताया। पूछताछ में आरोपी द्वारा अन्य बड़े पशु तस्करों का नाम बताया है जिस पर आगे कार्यवाही की जायेगी। पशु तस्करी के आरोपी को पकड़ने के लिए लगातार टीम छापा मार रही थी जो मुखबिर सुचना पर आरोपी को चिचोला से पकडे। तकनीकी आधार और पूछताछ दौरान आरोपी को घटना में शामिल होना पाया गया। उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# भाजपा अजा मोर्चा के पदाधिकारियों ने राजधानी में डॉ. रमन सिंह से की मुलाकात

**राजनांदगांव(दावा)। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मलिखम कोसरे के नेतृत्व में शुक्रवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात किये एवं प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 14 मार्च से 16 तक तीन दिवसीय मेला छत्तीसगढ़ के महान संत बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि गिरौदपुरी में मेला सम्पन्न होने की बात कही। जिसमें सर्व समाज के लोगों ने दर्शन करने जाते हैं।**



विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से निवेदन कर राजनांदगांव जिले से बस सेवाएं दर्शानार्थीयों के लिए गिरौदपुरी तक निःशुल्क बस चलाने की मांग की एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती एवं भरत लाल वर्मा, अहिवारा के विधायक डोमन लाल कोसेवाड़ा, धरसीवां के विधायक अनुज शर्मा, बेमेतरा के विधायक साहू से मुलाकात किये। साथ में उपस्थित रविन्द्र रामटेके जिला अध्यक्ष भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, योगेश बंजारे जिला मंत्री, पवन गायकवाड़ युवा भाजपा नेता, लव बघेल, सागर वर्मा, तुषार मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।



# फिरोज के आतिथ्य में हुआ अंतर्राष्ट्रीय हॉकी मैच

**राजनांदगांव (दावा)। एफ.आई.एच.प्रो लीग अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन विश्व के सबसे बड़े दर्शक क्षमता बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम राउरकेला मे किया गया। उक्त प्रतियोगिता का प्रथम मैच स्पेन एवं आयरलैंड के मध्य खेला गया।**

**विश्व के सबसे बड़े दर्शक क्षमता हॉकी स्टेडियम में 19600 दर्शक बने मैच के साक्षी**

इस अवसर पर हॉकी इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी एवं छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए अपनी शुभकामनायें दी। ओलिंपिक पदक विजेता स्पेन की टीम ने आयारलैंड की टीम को 7-0 से पाराजित किया। मैन ऑफ द मैच का पुरुस्कार स्पेन के स्पेनर्ड अलवारों इगलासिस को प्रदान किया गया। राउरकेला के बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम मे शनिवार को खेले गए मैच में 19600 दर्शक उपस्थित रहे। इस अवसर पर फिरोज अंसारी के साथ हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर कमांडर आर.के.श्रीवास्तव, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी पीटर तिर्की उपस्थित रहे।

# अवैध रेत भंडारण पर राजस्व एवं खनिज विभाग की बड़ी कार्यवाही

**अम्बागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत सांगली में आज रविवार को राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग के दल द्वारा संयुक्त रूप से अवैध उत्खनन एव भंडारण की जांच मे शिवनाथ नदी से अवैध रूप से उत्खनन कर भंडारण पाया गया।**



जहाँ तीन लोगों पर लगभग 125 घनमीटर भंडारण पर कार्यवाही की गई, वही मौके पर 100 से ज्यादा घनमीटर रेत डंप किया गया था, पूछताछ करने पर कोई मालिक सामने नही आया जिसे जेसीबी मशीन के माध्यम से नष्ट कर नदी मे डाल दिया गया। इस दौरान एक अवैध लाल ईट भट्टे पर भी कार्यवाही की गई।

### माफियाओं का मनपसंद जिला

रेत के अवैध खनन, परिवहन के मामले में स्थिति यह है कि मोहला, मानपुर अम्बागढ़ चौकी अब माफियाओं का मनपसंद जगह बनता जा रहा है। यहां खुलेआम रेत का अवैध खनन होता है, दिखावे की कार्रवाई से माफियाओं का हौसला लगातार बढ़ रहा है। रातभर नदियों के अलग-अलग स्थानों पर मशीन से खनन कर सीना छलनी किया जाता है। रात में ही रेत लोड कर या तो भंडारण स्थल पर पहुंचाया जाता है या फिर जिले से बाहर, राजनांदगांव, बालोद, महाराष्ट्र के लिए रवाना कर दिया जा रहा है। इस पूरे मामले में खनिज विभाग की कार्रवाई पर भी सवाल उठते रहे है। बहरहाल इस संयुक्त कार्यवाही में राजस्व विभाग से तहसीलदार दिनेश साहू खनिज विभाग से सुपरवाइजर आरबी बारी पुलिस विभाग से बीएल कवंर, अर्जुन वर्मा, त्रिवेश कुमार शामिल रहे।

### संयुक्त टीम पर सवालिया निशान

जिले में रेत के अवैध खनन और परिवहन पर कार्रवाई के लिए कलेक्टर एस जयवर्धन ने कमान तो संभाला है, लेकिन असर नहीं दिख रहा है। कार्यवाही को लेकर जिले में संयुक्त टीम का गठन किया गया है।तीन रेत भंडारण पर कार्रवाई को छोड़ दे तो और कोई कार्रवाई नहीं हुई। संयुक्त टीम खनिज, राजस्व, पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों को मिलाकर बनाई गई है। रेत के अवैध खनन व परिवहन मामलों में ठोस कार्रवाई नहीं होने से संयुक्त टीम पर सवाल उठ रहे हैं।

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण



रायपुर (दावा)। लोहिया पेपर एंड बोर्ड प्रा.लि. द्वारा श्री राम पैथालाजिकल जैब के संयुक्त तत्वावधान में धरमपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरमपुरा के सरपंच गोपी राम यादव थे। श्री यादव व कम्पनी के प्रतिनिधि सुजीत कुमार झा के हाथों दीप प्रज्जवलन कर प्रारंभ हुए इस स्वास्थ्य शिविर में सैकड़ों लोगों ने अपने स्वास्थ्य का परीक्षण कर स्वास्थ्य लाभ उठाया। स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित लोगों की बीपी, सुगर के अलावा फूल बॉडी चेकअप किया गया और विशेष जांच कर प्रिकेप्शन दिया गया।

## रायफल प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर ओगरे ने बढ़ाया पुलिस का मान



**राजनांदगांव (दावा)। प्रदेश में 15 सालों से पुलिस शूटिंग का नेतृत्व कर रहे उप पुलिस अधीक्षक अजीत ओगरे ने रायफल प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर पुलिस विभाग का मान बढ़ाया है।**

बता दें कि अजीत ओगरे, उप पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपेरशन के पद में जिला राजनांदगांव में पदस्थ है। श्री ओगरे छत्तीसगढ़ में 15 सालों से पुलिस शूटिंग टीम का नेतृत्व कर रहे है। उन्होंने राज्य स्तरीय 10 मीटर एयर रायफल प्रतियोगिता में रजत पदक जीत कर पुलिस विभाग का मान बढ़ाया। ओगरे की इस उपलब्धि पर प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने उनका सम्मान कर उसे शाबाशी दी है, वहीं पुलिस के लोगो ने उसे बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## अनमोल दावा

उसब उम्मीद को खो देनाब सबसे बुरा है जिसके भरोसे हम सब कुछ पा सकते हैं।

## सम्पादकीय

# उत्तराखंड के बाद आसाम में भी यूनिफार्म सिविल कोड

अंततः एक राज्य उत्तराखंड में मोदी सरकार ने प्रयोग करते हुवे युनिफार्म सिविल कोड लागू कर ही दिया। यूसीसी लागू करने वाला उत्तराखंड पहला राज्य है। उसके बाद, आसाम में भी समान नागरिक संहिता को अमल में लाया गया है। आसाम में से मुस्लिम विवाह और तलाक एक्ट 1935 रद्द कर दिया गया है। अब मुसलमानों पर भी जो कानून सभी पर लागू होता है, वह कानून उन पर भी लागू होगा। आसाम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा की अध्यक्षता में कैबिनेट ने यह निर्णय लिया और उसके बाद अधिकृत रूप से ऐसी घोषणा की गई कि, अब शादी स्पेशियल मैरिज एक्ट अधीन होगी। इस निर्णय के बाद राज्यमंत्री जयंत महाबरूआ ने कहा कि, नया नियम बाल विवाह को भी रोकेगा। आसाम में बाल विवाह ज्यादा होते हैं। जिसके कारण स्वाभाविक रूप से अनेक समस्याएं भी उत्पन्न होती हैं। समान नागरिक संहिता का बहुत से मुसलमानों द्वारा विराध किया गया है। किन्तु, समझदार और शिक्षित मुसलमान हैं, वे लोग इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि जो हो रहा है, इससे मुसलमानों और खास कर मुस्लिम महिलाओं और बच्चों के हितों का रक्षण होगा। भारत से पूर्व में भी तीन तलाक कानून को नेस्तनाबुद कर दिया गया है। इससे मुस्लिम महिलाओं ने राहत की सांस ली थी और चुनाव में भी भाजपा को इसका फायदा देखने को मिला था। क्योंकि तीन बार तलाक बोलकर पुरूषों को तलाक मिल जाता था और मुस्लिम महिलाओं की स्थिति दयनीय हो जाती थी। पाकिस्तान और अन्य कट्टर मुस्लिम देशों में भी तीन तलाक कानून रद्द हो चुका है। सम्पूर्ण मोदी सरकार, देश में यूनिफार्म सिविल कोड लागू करने का प्रयास कर रही है। वैसे भी पूरे देश में एक ही कानून का शासन होना चाहिए। कानून में भिन्नता होने से एक व्यक्ति का जो अधिकार मिलते है, उससे दूसरा व्यक्ति वंचित हो जाता है।

आसाम में अब नए नियमों के अनुसार शादी और तलाक का रजिस्टेशन डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर अथवा डिस्ट्रिक्ट रजिस्टार के पास करना जरूरी हो गया है। मुख्यमंत्री हेमंता बिस्वा ने कहा है कि, इसका मुख्य आशय आसाम में बाल विवाह को रोकने का है। पूर्व में भी उन्होंने कहा था कि भविष्य में बाल विवाह पर सख्त कानून लाया जाएगा। बाल विवाह करने की सजा दो साल है, उसे बढ़ाकर 10 साल कर दिया जाएगा।

आसाम के नए कानून बाबत ऑल इंडिया युनाईटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के बड़े मौलाना बद्दरूद्दीन अजमल ने कहा है कि बाल विवाह मात्र केवल मुसलमानों में ही नहीं अन्य समुदाय में भी है। उनका कहना सच है, किन्तु वे यह भूल गए हैं कि बाल विवाह कानून सभी पर लागू पड़ता है, किसी एक विशेष समुदाय पर नहीं। एक बात और आदिवासियों के लिए भी अलग कानून है। उन्हे भी देरसबेर इसी कानून में लाया जाएगा, ऐसी संभावना है। हमारे देश में समान सिविल कानून की मांग एक लम्बे समय से हो रही है। सुप्रीम कोर्ट ने भी पहले अनेक केसों के संदर्भ में यूनिफार्म सिविल कोड की आवश्यकता पर जोर दिया है और सरकार को उस दिशा में आगे बढ़ने के लिए कहा है।

देश में चुनावी वातावरण है। आगामी माह में कभी भी लोकसभा के चुनाव की तारीखों की घोषणा हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा हैट्रिक लगाने कदम बढ़ा चुकी है और इसके लिए वह विश्वास से भरपूर है। अगर, मोदी सरकार ने हैट्रिक लगा ली तो पूरे देश में समान नागरिक संहिता लागू हो सकती है। यूं भी देश में हर किसी, हर समुदाय के लिए एक ही कानून की महती आवश्यकता है।

अमेरिका, पाकिस्तान, बांग्लादेश, तुर्की, इंडोनेशिया, मलेशिया सहित 125 देशों में समान सिविल कोड लागु है। आर्थिक विकास के साथ सामाजिक विकास और इसके लिए जरूरी कानूनी परिवर्तन भी देश को सशक्त

# विपक्ष क्या भ्रष्टाचार का मुद्दा बना पाएगा?

**अजीत द्विवेदी**

भारत में आजादी के बाद से अब तक हुए सत्ता परिवर्तनों में कुछ बातें बहुत कॉमन रही हैं। ऐसा शायद कभी नहीं हुआ है, कम से कम राष्ट्रीय स्तर पर, कि देश के मतदाताओं ने सकारात्मक रूप से सत्ता परिवर्तन के लिए मतदान किया हो। अच्छे की उम्मीद में या ज्यादा विकास की उम्मीद में मतदान करके सत्ता परिवर्तन की मिसाल नहीं है। राज्यों के स्तर पर जरूर ऐसी कुछ मिसालें हैं लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संभवतः एक बार भी ऐसा नहीं हुआ। लगभग हर बार सत्ता परिवर्तन के लिए किए गए मतदान के पीछे भ्रष्टाचार सबसे कॉमन कारण रहा। उसके बाद महंगाई और फिर सत्ता का दुरुपयोग ये दो कारण रहे। 1977 में इंदिरा गांधी सत्ता के दुरुपयोग के आरोपों के कारण हारी थीं। लोगों ने संविधान के प्रावधानों का इस्तेमाल करके देश में इमरजेंसी लगाने, विपक्षी नेताओं को जेल में डालने, मीडिया पर सेंसरशिप लागू करने जैसी ज्यादतियों के लिए उनको सजा दी थी। एक बार सजा देने के बाद लोगों ने तीन साल में ही फिर उनकी सत्ता में वापसी भी कराई थी।

इसके अलावा बाकी सत्ता परिवर्तन चाहे वह 1989 का हो या 2014 का वह भ्रष्टाचार और महंगाई के मुद्दे पर हुए थे। 1996 या 1998 में हुए बदलाव को सत्ता परिवर्तन की बजाय सत्ता हस्तांतरण कह सकते हैं। क्योंकि सारी पार्टियां और गठबंधन सीटों की संख्या के लिहाज से आसपास ही थे, जिसने बेहतर गठबंधन किया उसने सरकार बना ली। सत्ता परिवर्तन से उलट सत्ता की निरंतरता हमेशा सकारात्मक रही है। लोग बेहतर की उम्मीद में सत्तारूढ़ गठबंधन की वापसी कराते रहे हैं। अटल बिहारी वाजपेयी को भी 13 महीने सरकार चलाने के बाद दूसरा मौका मिला था। मनमोहन सिंह को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला और नरेंद्र मोदी को भी पांच साल के बाद दूसरा मौका मिला है। लगातार तीसरा मौका इस देश में सिर्फ पंडित जवाहरलाल नेहरू को मिला था। तभी यह यक्ष प्रश्न है कि क्या नरेंद्र मोदी देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित नेहरू का रिकॉर्ड तोड़ पाएंगे या उन्हें रोकने के लिए कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां भ्रष्टाचार, महंगाई और सत्ता के दुरुपयोग का मुद्दा बना पाएंगी? इस समय देश में ऐसी स्थितियां मौजूद हैं या ऐसे घटनाक्रम हुए हैं, जिनसे विपक्ष भ्रष्टाचार, महंगाई और सत्ता के दुरुपयोग यानी तीनों का मुद्दा बना सकता है। ध्यान रहे 1975 में इंदिरा गांधी का चुनाव इलाहाबाद हाई कोर्ट ने इस आधार पर खारिज किया था कि उनके निजी सहायक यशपाल कपूर ने अपना इस्तीफा स्वीकार होने से पहले इंदिरा गांधी का चुनाव प्रचार संभाला था। सोचें, यशपाल कपूर ने इस्तीफा दे दिया था और स्वीकार होने से पहले इंदिरा गांधी के चुनाव क्षेत्र में चले गए थे तो इस आधार पर इंदिरा गांधी का चुनाव रद्द हो गया था!

अभी भाजपा के एक नेता ने, जिसे चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में पीठासीन अधिकारी बनाया गया था उसने विपक्ष के आठ वोट अवैध घोषित करके भाजपा को चार वोट से जीत दिला दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने न सिर्फ गिनती रद्द करके वापस आम आदमी पार्टी का मेयर बनाया है, बल्कि भाजपा के नेता अनिल मसीह पर मुकदमा दर्ज करने को कहा है। यह सत्ता के दुरुपयोग का प्रत्यक्ष उदाहरण है। ऐसे कई उदाहरण विपक्ष को मिल जाएंगे। विपक्षी नेताओं पर केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई, विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी, राज्यपालों का मनमाना रवैया, मीडिया पर अघोषित पाबंदी जैसे कई मुद्दे हैं, जिन्हें विपक्ष गाहे-बगाहे उठाता रहता है। जहां तक भ्रष्टाचार की बात है तो चुनावी बॉन्ड पर आया सुप्रीम कोर्ट का फैसला एक नजीर है। सरकार ने चुनावी चंदे के लिए एक ऐसी योजना लागू की थी, जिसमें शून्य पारदर्शिता थी। चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा देने की योजना में इतनी गोपनीयता थी कि किसी को पता नहीं चल पाता कि किसने बॉन्ड खरीदा, कितने का खरीदा और किसको कितनी राशि दी। इसे धन विधेयक की तरह सिर्फ लोकसभा से पास करके कानून बनाया गया था और सूचना के अधिकार कानून का दायरे से बाहर रखा गया था। छह साल से यह योजना चल रही थी और इसके जरिए दिए गए 11 हजार करोड़ रुपए के चंदे में से साढ़े छह हजार करोड़ रुपया अकेले भाजपा को मिला था। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की संविधान पीठ ने इस कानून को अवैध बताते हुए इसे रद्द कर दिया और इस पर रोक लगा दी। अभी सात जजों की एक पीठ इसे धन विधेयक की तरह पेश किए जाने के मामले की सुनवाई कर रही है। चुनावी बॉन्ड योजना को रद्द करने के साथ अदालत ने इसमें 'क्विड प्रो को' मिलीभगत की आशंका भी जताई।

अगर महंगाई की बात करें तो वह 2014 के मुकाबले कई गुना बढ़ गई है। महंगाई कई रूपों में आम लोगों का जीना मुहाल किए हुए है। पेट्रोल की कीमत देश के अनेक हिस्सों में एक सौ रुपए प्रति लीटर से ऊपर है। डीजल की कीमत भी 90 रुपए लीटर के आसपास है। रसोई गैस के सिलिंडर की कीमत जो 2014 में चार सौ रुपए थी, वह नौ सौ रुपए है, जो थोड़े दिन पहले तक 11 सौ रुपए हो गई थी। यह तब है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत बहुत कम हो गई है। खाने-पीने की चीजों की महंगाई भी बहुत बढ़ी हुई है।

एक तरफ कीमतें बढ़ रही हैं तो दूसरी ओर कंपनियां डब्बाबंद वस्तुओं का वजन कम करती जा रही हैं, जिसे स्रिंकफ्लेशन नाम दिया गया है। हर महीने जीएसटी की वसूली का नया रिकॉर्ड इसलिए नहीं बन रहा है कि उपभोग बढ़ रहा है। वह तो सरकार के आंकड़ों से ही पता कि जीडीपी की विकास दर अगर सात फीसदी है तो उसमें उपभोक्ता खर्च की बढ़ोतरी चार फीसदी के आसपास है। जीएसटी का रिकॉर्ड महंगाई बढ़ने की वजह से बन रहा है। इस तरह कह सकते हैं कि देश में सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार और महंगाई तीनों की स्थितियां मौजूद हैं। लेकिन क्या विपक्ष इसे चुनावी मुद्दा बना पाएगा? क्या विपक्ष के पास इसकी सलाहियात है कि वह एकजुट होकर साझा तौर पर इन तीनों का मुद्दा बनाए और अगर विपक्ष ऐसा कर भी लेता है तो क्या जनता इस पर यकीन करेगी? यह बड़ा सवाल है क्योंकि यह विपक्षी पार्टियों की अपनी साख से जुड़ा मामला भी है। उनकी अपनी साख इतनी बिगड़ी हुई है कि लोग उनकी बातों पर यकीन नहीं करते हैं। भाजपा ने 10 साल की सत्ता का इस्तेमाल करके सुनियोजित तरीके से विपक्ष की साख खराब की है। विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट और परिवारवादी साबित किया गया है।

कांग्रेस के इमरजेंसी की हमेशा याद दिलाई जाती रही है। परिवारवादी प्रादेशिक पार्टियों के शासन के दौरान की मनमानियों की भी लोगों को याद दिलाई जाती है। इसके साथ साथ भाजपा की केंद्र सरकार ने अपने संसाधनों के दम पर लाभार्थी मतदाताओं का एक ऐसा वर्ग तैयार किया है, जिसे सत्ता के दुरुपयोग, भ्रष्टाचार या महंगाई से मतलब नहीं है। उसे पांच किलो अनाज मुफ्त में मिल रहा है, किसान सम्मान निधि के नाम पर पांच सौ रुपया महीना मिल रहा है, कहीं पीएम जनमन के तहत आदिवासियों को कुछ लाभ मिल रहे हैं तो कहीं शहरी व ग्रामीण आवास योजना के तहत मकान मिल रहे हैं, शौचालय बन रहे हैं, लखपति दीदी बनाई जा रही हैं तो लाड़ली बहनों को नकद पैसे मिल रहे हैं। भाजपा को चुनाव जीतने लायक वोट इन लाभार्थियों से मिल जाते हैं, जबकि भ्रष्टाचार और महंगाई से सबसे ज्यादा आहत होने वाला मध्य वर्ग हिंदू पुनर्जागरण के सपने में खोया हुआ है।

यही कारण है कि कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियों का कोई राजनीतिक अभियान कामयाब नहीं हो पा रहा है। ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी ने कोई कसर छोड़ी हो। उन्होंने मोदी राज के पांच साल बाद ही यानी 2019 में भ्रष्टाचार का मुद्दा बनाया था। 'चौकीदार चोर है' का नारा देकर उन्होंने चुनाव लड़ा था। राफेल का मुद्दा भी बड़े जोर-शोर से उठाया गया था। सत्ता के दुरुपयोग का आरोप तो लगभग सभी विपक्षी पार्टियां किसी न किसी रूप में लगाती ही रहती हैं और गाहे बगाहे महंगाई का मुद्दा भी उठता रहता है। लेकिन मोदी सरकार ने अपने ईर्द-गिर्द ऐसा सुरक्षा कवच बनाया है, कि कोई भी आरोप उसके ऊपर नहीं चिपक रहा है।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 77: माता भवानी के मंदिर में सीताजी की विशेष प्रार्थना

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



देवी सीता की प्रार्थना आज होने जा रहे धनुष यज्ञ को निर्विघ्न संपन्न करने को लेकर है। वे माता भवानी से वर मांगती हैं कि अयोध्या के समस्त प्रजाजन सुखी हों। राज्य की सभी नदियों में पर्याप्त जल हो। यहां के खेत हमेशा फसलों से भरपूर रहें। यहां के वृक्ष, पौधे और लताएं हमेशा पुष्पों और फलों से आच्छादित हों। इसके बाद राजकुमारी ने अपने माता-पिता और समस्त परिजनों के उत्तम स्वास्थ्य और सुख समृद्धि की कामना की। माता के मंदिर में अपनी प्रार्थना के समापन वाक्य सीता जी ने इस तरह कहे, '...... और हां माता भवानी! आप तो अंतर्यामी हैं। मेरे मन की समस्त बातें जानती हैं। अयोध्या में दो धनुर्धारी राजकुमार अतिथि बनकर आए हैं। आप उनकी भी मनोकामना अवश्य पूरी करना। और .....वे जब तक अयोध्या में रहें, आप उन्हें कोई कष्ट मत आने दीजिए। अब मैं से सकुचाहट में किसी से पूछ भी नहीं पा रही हूं कि उन दोनों के ठहरने और खानपान का प्रबंध उत्तम हुआ है कि नहीं।...अब जाती हूं माता, मुझे आशीर्वाद दीजिए...।'

माता भवानी को साष्टांग प्रणाम करने के बाद सीताजी धरती से उठने लगीं, उनके हाथ नमस्कार से अंजुलि मुद्रा में आए, जैसे माता से वे कुछ मांगना चाहती हों। तभी माता भवानी की मूर्ति की ओर से एक पुष्प उनकी अंजुली में आ गिरा।

'आश्चर्य! यह तो वही कनेर का पुष्प है जो ज्येष्ठ राजकुमार ने अभी थोड़ी देर पहले लिए थे। उन्होंने इसे भगवान शिव में चढ़ाया होगा। अब भगवान शिव ने इसे यहां माता पार्वती तक पहुंचा दिया होगा। तो माता ने यही पुष्प मुझे प्रदान कर दिया है। जय हो शंभू भवानी की।' सीता जी सोचने लगीं।

सीताजी मंदिर से बाहर आईं। यहां उनकी सखियां प्रतीक्षा कर रही हैं। एक सखी ने सीता जी को उलाहना देते हुए कहा,

'लगता है महाराज राजकुमारी के लिए व्यर्थ ही स्वयंवर का आयोजन कर रहे हैं, यहां तो इस उपवन क्षेत्र में बहुत कुछ घटित हो रहा है।'

'री! यह तुम क्या उल्टी- सीधी बातें फिर करने लग गई हो? क्या हम पिताश्री की इच्छा की विरुद्ध कुछ सोच सकते हैं और क्या हमारा मन इधर-उधर हो सकता है?' सीता जी ने उत्तर दिया।

दूसरी सखी ने छेड़ते हुए कहा, 'तो अच्छे को अच्छा कहने में क्या बुराई है? क्या वे सुदर्शन युवक तुम्हें यहां राजउद्यान में दिखाई नहीं दिए?'

'अरे सखी छोड़ो! अब बहुत देर हो रही है। चलो राजप्रासाद लौटते हैं। माता प्रतीक्षा कर रही होंगी।' सीता जी ने कहा और सभी सखियां उनके साथ राज उद्यान से बाहर निकल पड़ीं। इधर गुरु विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को बुलवाया तथा आज के कार्यों के संबंध में उनसे चर्चा की।


(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम और माता सीता की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है।संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं।लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से,मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -345

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :** 1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

**ऊपर से नीचे** 1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्बात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नजदीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सवेरा।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | भि | षे | क | ■ | प | स | ■ | ■ |
| जा | त | ■ | थ | प | थ | पा | ना | ■ |
| य | र | का | नी | ■ | ध्र | ■ | र | श्मि |
| ब | घा | र | ■ | क | ष्ट | प्र | द | ■ |
| ■ | त | मा | त | नी | ■ | र्ड | ■ | ब |
| अ | ■ | मा | ■ | ज | मा | त | ■ | ल |
| स | जा | ■ | ■ | ■ | ■ | क | ज | रा |
| खा | ■ | बे | स | हा | रा | ■ | ग | म |
| ब | गु | ला | ■ | रा | ज | दू | त | ■ |

## सू- दोकू क्र.345

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.344 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## कविता

### तांडव

क्या आपको नहीं लगता कि
एक तांडव की आज बहुत जरूरत है,
क्योंकि धरती का कुछ भाग
बहुत ही श्याह और बदसूरत है,
मगर किसे तांडव करना चाहिए,
उन्हें जो पुरुषवादी सोच के कारण
भ्रमित-चकित न रह सुधरना चाहिए,
जी हां आज आवश्यकता है
एक स्त्री को तांडव करने की,
आधी आबादी की दशा सुधारने की,
अब तक के नर कार्यों से
क्यों नहीं आभास किए,
आंख मूंद क्यों विश्वास किए,
क्या गिना सकता है कोई
उसने कितने जख्म दिए,
क्या गिना पाओगी ?
या उन्हीं बेरहमों की बाहों में समाओगी,
अपने रास्ते, अपने नियम
तुम्हें खुद बनाने होंगे,
मस्तिष्क में खेलते बदमाशों को
तक्षण सम में लाने होंगे,
सम ही क्यों उनसे भी ऊपर ही रहो,
जो करना है कहना है खुल के कहो,
आदमी पता नहीं कब से
सीमाएं लांघ गए हैं,
हर स्तर पर तुम्हें बंधनों में बांध गए हैं,
अब सोचना तुन्हें है,
अपने वर्चस्व के लिए,
अपने अधिकार के लिए,
अपनी अस्मिता के लिए,
बंधन हो, मुंह हो,
जिसका भी नोचो
नोचना तुन्हें है।

– राजेन्द्र लाहिरी, पामगढ़ छ.ग.

## कविता

### माँघ-महीना पुन्नी के मेला



छत्तीसगढ़ के पावन भुइयां
जेमा बसे हावे तीरथ धाम हे।
महानदी जोंक शिवनाथ संगम
सबरी-नारायन ल परनाम हे।।
नर-नारायण इहें ल बिराजे
सबरी के इहें पावन धाम हे।
नवधा भक्ति कथा ल सुनय
जेखर सबरी पावन नाम हे।।
अजर-अमर हे जेखर छईहाँ
अकछ्य बट जिहाँ बिराजे हे।
जेखर निछ्ट छईहाँ म सुग्घर
महंती सिंघासन गद्दी राजे हे।।
हरि कथा प्रभु हरि के किर्तन
जिहाँ साधु सन्त के समागम हे।
राम नाम के जिहाँ बानी गूँजय
अजोध्या कस जेखर महत्तम हे।।

राम-लखन अउ सिय जानकी
जेखर पाँव पखारे गंगा दाई हे।
गर्भगृह जिहाँ रोहणी कुंड राजे
इही हर जगत के तारन माई हे।।
माँघ-महीना अउ माँघी के पुन्नी
प्रभु जगन्नाथ हर राह निहारे हे।
नर बनके प्रभु नारायण चलके
भगत सबरी के धाम म पधारे हे।।
महानदी के जिहाँ पावन संगम
देव् भक्त जन डुबकी लगाए हे।
लोट मारत प्रभु ध्यान लगावत
पुन्नी मेला के पुण्य फल पाए हे।।

– अशोक पटेल
"आशु"
तुस्मा, ( छ.ग. )
मो.-9827874578



## राशिफल

**मेष** – आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आज आपको अपने खर्चे पर नियंत्रण रखना चाहिए। किसी भी फैसले में जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि के जो लोग लेखक हैं, उनकी किसी कविता को ज्यादा से ज्यादा लोग पसंद करेंगे, आपको किसी संस्था के द्वारा सम्मानित भी किया जा सकता है।

**वृषभ** – आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप परिवार के साथ टाईम स्पेंड करेंगे। घर का वातावरण खुशनुमा बना रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स को ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है। आज आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

**मिथुन** – आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप कार्यस्थल पर कुछ बदलाव कर सकते हैं, इससे आपको फायदा होगा। आज आपका रुझान आध्यात्म की तरफ हो सकता है। परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको बढ़ोत्तरी के नए अवसर प्राप्त होंगे।

**कर्क** – आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहेगा। आज आपका कोई नजदीकी मित्र आपसे मिलने आ सकता है। आप उनसे अपनी कोई निजी बातें शेयर कर सकते हैं। इससे आपके मन का बोझ थोड़ा हल्का होगा। परिवार की उलझनों को सुलझाने में आज किसी रिश्तेदार की मदद मिल सकती है।

**सिंह** – आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आप जो भी काम हाथ में लेंगे, वो पूरा हो जाएगा। साथ ही अन्य कामों की गति बनी रहेगी। आप खुद को रिलेक्स फील करेंगे। इस राशि के जो लोग अविवाहित हैं, उनके विवाह की बात फाइनल हो जाएगी। घर का माहौल बेहतर बना रहेगा। काम के मामले में कुछ लोग आपसे सलाह मांग सकते हैं।

**कन्या** – आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज लोग आपकी बातों पर पूरा ध्यान देंगे, यात्रा की योजना बन सकती है। पैसों की कुछ उलझी हुई स्थितियों का समाधान आज निकल जायेगा। रोजमर्रा के काम पूरे हो सकते हैं। आज आपके आस-पास के लोग आपके व्यवहार की तारीफ करेंगे। आज आप कोई महत्वपूर्ण काम समय से पहले निपटा लेंगे।

**तुला** – आज का दिन बदलाव से भरा रहेगा। आज का दिन जीवन में अहम मोड़ लाएगा। आपको अपने करियर का कोई बड़ा फैसला लेना पड़ सकता है। ध्यान रहे जो भी करें, सोच-समझ कर करें। अगर आप नौकरी कर रहे हैं, तो अचानक से आपको किसी काम के लिए बाहर भेजा जा सकता है।

**वृश्चिक** – आज का दिन जीवन में किसी नयी खुशी का संकेत लायेगा। आपका जीवनसाथी आपको कोई बड़ी खुशखबरी देंगे। परिवार के बाकी लोग भी काफी खुश नजर आएंगे। रिश्तों और काम के बीच तालमेल बना रहेगा। आर्थिक रूप से आप स्ट्रांग रहेंगे। इंजीनियर्स को कोई बड़ा फायदा होगा।

**धनु** – आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपको सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। आपका काम समय पर पूरा होगा। आपके सकारात्मक विचार किसी व्यक्ति को प्रभावित कर सकते हैं। आपकी मदद दूसरों के लिए फायदेमंद रहेगी। स्टूडेंट्स पढ़ाई को लेकर कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**मकर** – आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। ऑफिस में किसी सहकर्मी से आपको मदद मिलेगी, जिससे काम करने में आसानी होगी। किसी काम में माता-पिता की सलाह फायदेमंद साबित होगी। जीवनसाथी के साथ किसी रेस्टुरेंट में डिनर करने का प्लान बनायेंगे। इससे आपका रिश्ता और मजबूत बनेगा।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए बेहतर रहेगा। आज ऑफिस में आपको कोई ऐसा काम दिया जायेगा, जिसे आप आसानी से पूरा कर लेंगे। आज आपसे किसी मामले में एक्सपर्ट के तौर पर सलाह ली जा सकती है। आपका वैवाहिक जीवन बेहतर बना रहेगा। आज आप अपनों की मदद के लिए तैयार रहेंगे।

**मीन** – का दिन यात्रा में बीत सकता है। ये यात्रा ऑफिस के किसी काम से रिलेटिड हो सकती है। आज आप कुछ मस्ती के मूड में रहेंगे। इससे आपका मन खुश रहेगा। इस राशि के बच्चे किसी ड्राइंग कॉम्पिटिशन में भाग ले सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात होने की संभावना है। रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है।

# आज प्रधानमंत्री वर्चुअल करेंगे लोकार्पण और भूमिपूजन

## धर्मनगरी के रेलवे स्टेशन का होगा कायाकल्प, अब यात्रियों को मिलेगी अत्याधुनिक सुविधाएं

डोंगरगढ़(दावा)। अमृत भारत स्टेशन योजना का वर्चुअल उद्घाटन एवं भूमिपूजन आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर मंगलवार को स्टेशन प्रबंधक के कार्यालय में दोनों प्रमुख दलों के साथ नागपुर मंडल के रेलवे अधिकारियों ने एक बैठक कर आपसी सामंजस्य स्थापित करने का प्रयास किया। कार्यक्रम को कैसे सफल बनाएं और यात्रियों को और कैसी अच्छी सुविधा प्रदान की जा सके, उस विषय में भी विचार-विमर्श किया गया।

प्राप्त जानकारी अनुसार नागपुर रेल मंडल के अंतर्गत आने वाले डोंगरगढ़ स्टेशन सहित कुल सात स्टेशन को इस योजना के तहत सम्मिलित किया गया है। जिसमें लगभग आधे से अधिक स्टेशनों में 100 करोड़ की लागत से यात्रियों को रेलवे स्टेशन में ऐसी सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया जा रहा है कि आने वाले समय में वे यात्रियों को यात्रा के दौरान किसी हवाई अड्डे से यात्रा करने की अनुभूति हो।

### धर्मनगरी को मिलेगी व्यापक सुविधाएं

डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में लगातार दर्शनार्थियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आने वाले समय में यह



एक तीर्थ स्थल के रूप में प्रसिद्ध होगा। इसका अनुमान लगाते हुए इस स्टेशन को इस योजना में सम्मिलित किया गया है। डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में पूर्व में यहां केवल तीन ही प्लेटफार्म थे। इस योजना के बाद यहां दो अतिरिक्त प्रमुख प्लेटफार्म बनाए जा रहे हैं। इन प्लेटफॉर्म में यात्री सुविधाओं को देखते हुए हर प्लेटफार्म में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध होगी। स्टेशन से बाहर निकलने के लिए यात्री एक्सलेटर का भी उपयोग कर पाएंगे। वहीं स्टेशन के दोनों छोर पर बुकिंग काउंटर को भी आधुनिक रूप दिया जा रहा है। दोनों और बुकिंग काउंटर के आसपास पार्किंग की अच्छी खासी सुविधा उपलब्ध होगी। पार्किंग एरिया पर आधुनिक टॉयलेट भी बनाए जा रहे हैं। प्लेटफॉर्म के अंदर वेटिंग हॉल, फूड स्टॉल, रिटेल आउटलेट की भी अच्छी खासी व्यवस्था होगी। आने वाले समय में यह डोंगरगढ़ नगरी एक तीर्थ स्थल के रूप में जानी जाएगी। जिसको देखते हुए दर्शनार्थियों के लिए यह सब सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

### यूटीएस ऐप का भी किया जाएगा प्रमोशन स्टेशन प्रबंधक

स्टेशन प्रबंधक एस के मंडल ने बताया कि यूटीएस ऐप यात्रियों के लिए काफी उपयोगी साबित होने वाली है। अनरिर्जवेड टिकटिंग सिस्टम इस ऐप की मदद से एंड्राइड व आईफोन मोबाइल यूजर्स यात्रा के दौरान इस ऐप के माध्यम से टिकट खरीद सकते हैं। ऐप का प्रमोशन कमर्शियल के कर्मचारीयो द्वारा प्रतिदिन यात्रियों के समक्ष किया जा रहा है।

### कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देंगे विद्यार्थी

सोमवार को यह कार्यक्रम 12 बजे से आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, रेलवे स्कूल के विद्यार्थियों के द्वारा इस कार्यक्रम में लोकगीतों पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। स्थानीय स्तर पर इस कार्यक्रम को भव्य बनाने का प्रयास किया जा रहा है। रेलवे के द्वारा बुलाई गई। इस बैठक में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, पालिका अध्यक्ष सुदेश मेश्राम, नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा, भाजपा शहर अध्यक्ष अमित जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप बाघ, पूर्व ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष नारायण अग्रवाल, अनिल गट्टानी, महामंत्री संतु राव, महेंद्र अग्रवाल, तुलसीमिश्रा, विजेंद्र सिंह ठाकुर, अनिल मेश्राम, यादव समाज के अध्यक्ष विश्वनाथ यादव के साथ कई शहर के जनप्रतिनिधि उपस्थित हैं। वहीं रेलवे के अधिकारी के रूप में कमर्सियल विभाग से पी शास्त्री, चीफ स्टेशन मैनेजर ए के मंडल के साथ रेलवे के सभी विभाग के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे।

# अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए सैकड़ों राम भक्त



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों राम भक्त अयोध्या दर्शन के लिए रवाना हुए। अयोध्या जाने के पूर्व सर्वप्रथम जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव ने सैकड़ों राम भक्तो के साथ छुरिया माँ दन्तेश्वरी मंदिर में पूजा अर्चना कर सभी के मं की कामना की। श्री वैष्णव ने कहा कि मोदी जी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने पर सभी को प्रभु राम लला के दर्शन कराने का वादा पूरा हो रहा है। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों राम भक्तो के साथ अयोध्या दर्शन करने का हम सभी को सौभाग्य प्राप्त हो रहा है। निश्चित रूप से विष्णु देव की सरकार मोदी जी के नेतृत्व में सभी राम भक्तो को अयोध्या दर्शन के लिए ले जायेगी। पूरा गांव से शहर तक राम मय हो गया है। राम हमारी आस्था है, राम हमारी सनातन संस्कृति के आदर्श पुरुष हैं। राम मंदिर करोड़ों सनातनी हिन्दूओं की भावनाओं का प्रतिक है। आज सभी राम भक्त अयोध्या दर्शन को रवाना हो रहे हैं राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में माननीय संतोष पांडे सांसद लोकसभा राजनांदगांव खूबचंद पारख वरिष्ठ नेता भरत वर्मा प्रदेश महामंत्री भाजपा,रमेश पटेल अध्यक्ष जिला भाजपा संतोष अग्रवाल सचिन बघेल,राजेंद्र गोलछा,रविन्द्र वैष्णव, मूलचंद लोधी, राजेश श्यामकर, रघवीर वाधवा, रामकुमार गुप्ता, रोहित चंद्राकर, तरुण लहरवानी, हर्ष रामटेके, जैनकुमार मेश्राम, बोधीराम साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

## पहला कॉलम...

### इला सिद्दीकी अधिमान्य पत्रकार संघ के छत्तीसगढ़ की महिला इकाई की प्रदेश अध्यक्ष मनोनित



राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय ओ. सिंह पंसौरियां की अनुसंशा पर महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती तान्या सिंह ने राजनांदगांव की महिला पत्रकार इला सिद्दीकी जो की शासकीय दिग्विजय महाविधालय में बी.ए.जे.एम.सी. पत्रकारिता का प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम श्रेणी में पास और गोल्ड मेडलिस्ट है, साथ ही टीवी न्यूज चैनल में संवाददाता के रूप में कार्यरत हैं। उनकी सक्रियता को देखते हुए छत्तीसगढ़ महिला इकाई के प्रदेश अध्यक्ष पद पर नियुक्ति करते हुवे उन पर विश्वास जताया एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में पत्रकारों का विशेषकर महिला पत्रकारों के उत्पीड़न के विरुद्ध मोर्चा संभालने की कमान भी सौंपी! श्रीमती तान्या सिंह ने पत्रकार इला सिद्दीकी को संघठन मजबूत करने हेतु पत्रकारों को संघटित करने के भी निर्देश दिए। मनोनयन पर पत्रकार इला सिद्दीकी ने संघठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय पंसारिया एवं महिला इकाई की राष्ट्रीय अध्यक्ष तान्या सिंह का आभार प्रकट किया।

### सरस्वती शिशु मंदिर नागतराई में वार्षिक उत्सव मनाया गया



डोंगरगढ़/अछोली(दावा)। विकासखंड के ग्राम नागतराई में संचालित सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक उत्सव एवं छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तेल चित्र पर फूल माला अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती, कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित क्षेत्रीय जनपद सदस्य रविंद्र अग्रवाल, सरपंच श्रीमती क्षत्री वर्मा, जनपद सदस्य कचरू हिरवानी, पूर्व जनपद अध्यक्ष गोविंद लाल टंडन, मंडल अध्यक्ष ग्रामीण जैन कुमार मेश्राम पूर्व मंडल अध्यक्ष उपकार साहू, पूर्व सरपंच भुवन दास वर्मा, श्रीमती कालिंद्री तिवारी प्राचार्य बेलगांव सहित मंचस्थ अतिथियों का शाला प्रबंधन समिति द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

स्कूली विद्यार्थियों द्वारा अभिनंदन गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर व्यस्थापक पूरन लाल पटेल अध्यक्ष माखन पटेल, शीशपाल कंवर (सरपंच ग्राम पंचा हरनसिंधी, जितेन्द्र चांदने, गिरधारी मंडावी, गिरधारी वर्मा, सतीश मंडावी, गोपीचंद वर्मा, श्यामचंद्र शुक्ला (ग्राम प्रमुख), (उपसरपंच ग्राम नागतराई) श्रीमती सुशीला धुर्वे, श्रीमती इंसा पाण्डे (प्रधानपाठक पू मा शाला नागतराई), चेतन सिन्हा (प्रधानपाठक प्राथ शा. नागतराई), डीहूराम वर्मा (ग्राम पटेल), मोहन दास साहू (समाजसेवी), पूरन लाल पटेल, श्रीमती सीता टंडन, प्रधानाचार्य आथा राम पटेल एवं ग्राम के सभी गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बच्चों को संकुल स्तरीय एवं जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया। विद्यालय के भैया बहनों के द्वारा मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। उपस्थित अतिथियों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन प्रधान आचार्य ए आर पटेल के द्वारा किया गया।

### प्रदेश में फिर बदलेगा मौसम, बूंदाबांदी के बीच तापमान गिरने का अनुमान

रायपुर। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से रायपुर सहित छत?तीसगढ़ के मौसम में एक बार फिर बदलाव की संभावना है। रविवार को हल्की बारिश के बीच तापमान में कमी आने की संभावना जताई गई है। मौसम का मिजाज अगले दो दिनों तक इसी तरह बना रह सकता है। तापमान में गिरावट का दौर उसके बाद भी जारी रह सकता है।

हालांकि इस बीच शुक्रवार को राजनांदगांव का तापमान प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में सर्वाधिक रहा। वहां अधिकतम तापमान 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ठंड की विदाई को लगभग माहभर हो चुका है।

# शक्ति वंदन अभियान के तहत महिलाओं का किया गया सम्मान



- 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को अभियान में जोड़ने का लक्ष्य
- विकसित भारत के संकल्प से जोडऩे के लक्ष्य में सहभागी बने महिला शक्ति - भारती

डोंगरगढ़(दावा)। आस्था संकुल संगठन अभियान की महिला समूह द्वारा विकासखंड के ग्राम मोहारा में आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री व पूर्व विधायक रामजी भारती ने सैकड़ों की संख्या में उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के दिशा में अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। शक्तिवंदन अभियान इसी योजनाओं में से एक है, जिसके माध्यम से देशभर में 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को विकसित भारत के संकल्प से जोड़ने का लक्ष्य हासिल करने एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में देश की नारी शक्ति कार्य कर रही है। प्रदेश भाजपा संगठन द्वारा छत्तीसगढ़ में शासन प्रशासन के सहयोग से साढ़े तीन लाख से अधिक समूहों के जरिए आठ लाख महिलाओं को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। उपस्थित नारी शक्ति को भाजपा नेता रविंद्र वैष्णव, रवि अग्रवाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़ने की अपील की गई।

मंचस्थ अतिथियों में भाजपा नेता रविंद्र वैष्णव, वरिष्ठ जनपद सदस्य रवि अग्रवाल जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष सहकारिता नेता महेंद्र वैष्णव, जनपद सदस्य कचरू साहू, पूर्व जनता सदस्य लखन जंघेल, भाजपा महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती सविता दरगड़, किसान नेता हेमलाल वर्मा, श्रीमती वत्सला श्रीवास्तव, लक्ष्मी यादव, घनश्याम सहित अन्य उपस्थित रहे। ग्राम मोहरा में आयोजित शक्ति वंदन अभियान कार्यक्रम में संकुल ढारा व मोहारा क्षेत्र की महिलाओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में कृषि सखी पशु सखी, बैंक सखी, डीईओ माखन चंद्रवंशी, बीपीएम मन्नाडे, संकुल अध्यक्ष रंजीता बंजारे, सचिव सुनीता वर्मा, कोषाध्यक्ष प्रमिला वर्मा, उर्मिला ढीमर, लेखपाल पिंकी यादव, रेवती ठाकुर, लक्ष्मी साहू छपरा, किरण टांडेकर ढारा, राजेंद्र कौर, प्रभा वर्मा, गीतेश्वरी सिंह, शोभा वैष्णव, पुनीता साहू, देव कट्टा, बिल्हरी, घोटिया सहित अनेक ग्रामों की सैकड़ो महिलाओं ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### अभियान के तहत महिलाओं से चाय पर चर्चा

शक्ति वंदन अभियान के तहत विगत 1 फरवरी को विधानसभा स्तर पर शक्ति वंदन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था। वहीं 12 से 20 फरवरी तक ग्राम स्तर पर संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान में नारी शक्ति संवाद के तहत एनजीओ एवं आंगनबाड़ी की महिलाओं के साथ चाय पर चर्चा की जा रही है। शक्ति वंदन अभियान के तहत विधानसभा क्षेत्रों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस योजना के तहत सभी विधानसभा क्षेत्रों में शक्ति सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें एनजीओ व स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। जिले के सभी मंडल में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए पत्रक वितरण किया जा रहा ही।

# संकुल क्रिकेट प्रतियोगिता में दैहान स्कूल बना चैंपियन



बांधाबाजार (दावा)। दैहान में एक दिवसीय संकुल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शाला शिक्षक परिवार द्वारा आयोजित किया गया था। जिसमें संकुल आश्रित स्कूल के शिक्षक, बच्चों के साथ मिलकर एक टीम बनाकर खेल, उसी प्रकार संकुल सभी स्कूलों के शिक्षिकाओं ने मिलकर एक टीम बनाकर ग्राम के महिलाओं बच्चों के साथ क्रिकेट खेला। पुरुष वर्ग में दैहान लक्की इलेवन टीम ने जोशीलमती टीम को 50 रनों से हराकर चैंपियन बना और जोशीलमती उपविजेता बना। तृतीय खोराटोला स्कूल प्रवीण स्टार। टीम रही, और चतुर्थ गर्रापार स्कूल टीम रह। साथ ही शिक्षिकाओं के टीम द्वितीय स्थान रहे, शाला ग्राम के महिलाओं ने अच्छा खेल दिखाते हुए, प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिसमें इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दूर्जन लाल चन्द्रवंशी (से.नि.प्र.पाठक), अध्यक्षता, शैलेन्द्र शर्मा (प्र जोशीलमती) विशेष अतिथि बसंत लाल सिन्हा (सरपंच ग्राम पंचायत दैहान),गरीब सिंह मालकर (सचिव ग्राम पंचायत दैहान)प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कैनाबाई, सरस्वती बाई सिन्हा बिहान महिला स्वयं सहायता समूह के अध्यक्ष पूनम लाऊत्रे, किरण कोटेलकर विजय कुमार भारद्वाज, शंकर लाल सिन्हा, नरेश कुमार गजेंद्र, गणपत राम सिन्हा उदेराम जी भुआर्य ग्राम पटेल मावलीचूवा उपस्थित रहे। ऐसा संकुल स्तरीय खेल क्षेत्र में पहली बार आयोजित होने के कारण ग्राम में बहुत उत्साह के साथ खेल का आयोजन किया गया जिसमें ग्राम वासी ने गांव में त्यौहार मनाकर खेल का आनंद लिया गया और शिक्षकों के द्वारा खेल खिलाड़ियों के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई और जिसमें सभी शालाओं के शिक्षकों बच्चों का विशेष सहयोग रहा और समस्त ग्रामवासियों का भी युवा टीम साथियों का भी विशेष सहयोग मिला, इसके लिए शिक्षक कीरत कुमार गणवीर ने सभी को दिल से आभार व्यक्त किया और ऐसा खेल प्रतिवर्ष होते रहना चाहिए।

# किसान समूह को सौर ऊर्जा संचालित चलायमान सिंचाई मशीन का वितरण



बांधाबाजार (दावा)। विकासखंड अंबागढ़ चौकी में कार्यरत स्वैच्छिक संस्था केरितास इंडिया नई दिल्ली के सहयोग से दो किसान समूह को सौर ऊर्जा संचालित चलायमान सिंचाई मशीन का वितरण किया गया। केरितास इंडिया के कम्युनिटी एजुकेटर राजकुमार श्रीवास एवं भुनेश्वर साहु ने बताया कि विकासखंड अंबागढ़ चौकी में केरितास इंडिया के सहयोग से ग्राम निर्माण कार्यक्रम कुल 8 पंचायत के 15 गांव में संचालित है। ग्राम निर्माण कार्यक्रम के द्वारा निर्मित जय शीतला किसान समूह कुण्डेराटोला एवं जय बुढ़ादेव किसान समूह कुसुमकसा गठन किया गया। किसान समूह में 11-13 सदस्य शामिल है। गांव में उपलब्ध स्थानीय संसाधन नाला का बेहतर प्रबंधन व उपयोग से सिंचाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य एवं ऊर्जा के मुक्त स्त्रोत सौर ऊर्जा का उपयोग सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किसान समूह को सौर ऊर्जा संचालित चलायमान सिंचाई मशीन का वितरण किया गया। वितरण के दौरान स्थानीय स्तर के जनप्रतिनिधि उपसरपंच देवप्रसाद चन्द्रवंशी, बेदराम कोमरे, पंच धनेश राम, ग्राम प्रमुख सुकालू कोर्राम, केरितास इंडिया से कम्युनिटी एजुकेटर भुनेश्वर साहू, लोकचंद साहू एवं राजकुमार श्रीवास प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# विधानसभा स्तरीय विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम जिला मुख्यालय के राजा फतेह सिंह मैदान में हुआ आयोजित

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वर्चुअल कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग हुए शामिल

खैरागढ़(दावा)। विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम का भव्य आयोजन आज जिला मुख्यालय खैरागढ़ के राजा फतेह सिंह मैदान में आयोजित हुआ। आयोजित विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारियों एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन को सुना। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम प्रदेश के 90 विधानसभाओं में आयोजित कि गई जिसमें हर विधानसभा में 5 हजार से ज्यादा लाभार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए। विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित कर 34,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला का शुभारंभ एवं उद्घाटन कर नई सौगात दी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित कलेक्टर चंद्रकात वर्मा, पुलिस अधिक्षक त्रिलोक बंसल सहित बड़ी संख्या में लोग रहे उपस्थित।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को वर्चुअल किया संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ़ में अपने संबोधन में कहा की विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण, गरीब, किसान, युवा और नारीशक्ति के सशक्तिकरण से होगा। विकसित छत्तीसगढ़ की नींव, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से मजबूत होगी। आज छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर विकसित छत्तीसगढ़ का नवनिर्माण होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार का लक्ष्य हर घर को सूर्य घर बनाना है,साथ ही उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार काम कर रही है, महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्पूर्ण योजना है। हमारे पूर्वजों ने सपने देखे थे वह आज साकार रूप ले कर नया भारत बन रहा। आज भारत के प्रत्येक राज्य डिजीटल भारत बन रहा, उन्होंने छत्तीसगढ़ वासियों को कहा की छत्तीसगढ़ को विकसित होने से कोई नहीं रोक सकता।



### भारत को विकास की बुलंदियों में पहुंचाने का संकल्प अब अपना साकार रूप ले रहा-विक्रांत सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो संकल्प लिया है, 2047 तक भारत को विकास की बुलंदियों में पहुचाने का सही मायने में अब अपना साकार रूप ले रहा। उन्होने कहा की 2014 के बाद से भारत में ऐतिहासिक परिर्वतन को देखा जा सकता है। आज प्रत्येक गरीब का बैंको में अपना जनधन खाता है। कोरोना काल में भारत सबसे सुरक्षित देश था जिसमें लगभग 140 करोड़ लोगों का निशुल्क टीकाकरण किया गया, साथ ही केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को फसल बीमा का लाभ, उज्जवाला गैस योजना, आवास योजना, किसान सम्माननिधि योजना, समर्थन मुल्य पर धान खरीदी एवं अन्य महत्तपूर्ण योजना का लाभ केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को दे रही। साथ ही तीन तलाक, 370 अनुच्छेद, वंदेभारत ट्रेन और राम जन्म भूमि का निर्माण ये सभी हमारे प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी प्रयासों से ही सफल हो पाया है। दो माह पूर्व ही छत्तीसगढ़ में नए सरकार का गठन हुआ है उन्होने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के अवसर पर दो साल का बोनस की राशि का भुगतान हमारे किसान भाईयों के खाते में किया है, साथ ही धान की खरीदि 21 क्विंटल के हिसाब से 31 सौ रूपए में खरीदने का फैसला ले कर हमारे किसान भाईयों को नई सौगान दी है पहले आयुष्मान कार्ड में बीपीएल हितग्राहीयों को 5 लाख का ईलाज निःशुल्क किया जाता था जो अब 10 लाख कर दिया गया है। साथ ही नई सरकार ने चुनाव पूर्व अपने घोषणा अनुरूप प्रत्येक नगरिक को राम जन्म भूमि अयोध्या दर्शन कराने का निर्णय लिया है।

विकसित भारत विकसित छत्तीसगढ कार्यक्रम में 9 हितग्राहियों को बैटरी चलित मोटराईज्ड ट्रायसायकल उपकरण का वितरण किया गया। कृषि विभाग द्वारा 5 किसानों को कृषक प्रमाण पत्र एवं नैनो युरिया का वितरण किया गया। उद्यानिकी विभाग द्वारा 10 हितग्राहियों को अनुदान राशि चेक के माध्यम से भुगतान किया गया। प्रधानमंत्री आवास के 2 हितग्राहीयों अनुज्ञा पत्र प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड, दुर्घटना बीमा राशि, राशन कार्ड, मतस्य विभाग द्वारा 5 कृषको को नाव जाल एवं आईस बॉक्स का वितरण किया गया। इस दौरान प्रशासन की ओर से कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा और पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सभापति घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, पार्षद विनय यादव, रामाधार रजक, वरिष्ठ समाजसेवी टी.के. चंदेल, चंद्रशेखर यादव, विकेश गुप्ता, वीरेंद्र जैन, आलोक श्रीवास, नरेन्द्र श्रीवास, कमलेश कोठले, शैलेन्द्र मिश्रा, लखन साहू, नीलिमा गोस्वामी, गिरिजा चंद्राकर, रूपेन्द्र रजक, टोपसिंग, अजय जैन, कैलाश नागरे, देवीन कोठले, कांता वर्मा, रेखा गुप्ता, पुष्पा सिंदूर, किर्ती वर्मा, मोनिका रजक सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे। प्रशासन की ओर से एसडीएम रेणुका रात्रे, विकसित भारत विकसित छत्तसीगढ नोडल एवं परियोजना निदेशन श्री जितेन्द्र कुमार साहू, सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी और मीडिया के लोग उपस्थित थे।

# विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़, जिला स्तरीय कार्यक्रम में सैकड़ों हितग्राही हुए लाभान्वित

## मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से हितग्राहियों ने बताया उनके जीवन में आये बदलाव की रोचक जानकारी

मानपुर (दावा)। विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ कार्यक्रम आज स्थानीय दशहरा मैदान मोहला में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में हजारों की संख्या में उपस्थित होकर जिलेवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से दिये गये उद्बोधन को सुना। जिला स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी और जानकारी दी गई। इस अवसर पर विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों ने योजना से मिले लाभ और उनके जीवन में आये परिवर्तन को मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम बताया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा अनेकों योजनाओं से हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। हितग्राहियों को सामग्री और चेक का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 6 हितग्राहियों को गैस सिलेंडर वितरित किया गया। 11 हितग्राहियों को नवीन राशन कार्ड वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना अंतर्गत 2 हितग्राहियों को 4 लाख 50 हजार रुपये की राशि का चेक वितरित किया गया। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित राजनांदगांव द्वारा 35 हितग्राहियों को 15 लाख 49 हजार रुपये की राशि का ऋण स्वीकृत किया गया। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा दो हितग्राहियों को 40 हजार रुपये की राशि का आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री नोनी सशक्तिकरण सहायता योजना अंतर्गत 3 हितग्राहियों को 60 हजार रुपये की राशि का आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया गया।

इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव संजीव शाह, जिला पंचायत सदस्य नरसिंग भण्डारी, जिला पंचायत सदस्य राधिका अंधारे, जनपद पंचायत अध्यक्ष मोहला लगनु राम चंद्रवंशी, जनपद पंचायत अध्यक्ष चौकी कुमारी बाई जुरेशिया, जिला कलेक्टर एस जयवर्धन सहित अन्य सभी जिला स्तरीय अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिकगण उपस्थित थे।



जिलेवासियों ने सुना प्रधानमंत्री का लाइव उद्बोधन

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि प्रदेश के कोने-कोने से जुड़े मेरे परिवारजनों आप सभी का मैं अभिनंदन करता हूँ। आप सभी ने हमें जो आशीर्वाद दिया। इसी का परिणाम है कि आज हम विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आपके बीच आये हैं। गरीब, किसान, युवा और नारी शक्ति के सशक्तिकरण से विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण होगा। यह आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर से बनेगा। इसलिए आज छत्तीसगढ़ के विकास से जुड़ी लगभग 35 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इनमें कोयले से जुड़े, सौर ऊर्जा से जुड़े और कनेक्टिविटी से जुड़े अनेक प्रोजेक्ट हैं। इनसे छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार के नये अवसर बनेंगे। इन योजनाओं के लिए छत्तीसगढ़ के भाई-बहनों को बधाई। आज एनटीपीसी के 1600 मेगावाट के सुपर थर्मल पावर स्टेशन को राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इसके साथ ही इस आधुनिक प्लांट के 1600 मेगावाट के स्टेज 2 का शिलान्यास भी हुआ है। इन प्लांट से देशवासियों को कम लागत पर बिजली उपलब्ध हो पायेगी। हम छत्तीसगढ़ को सौर ऊर्जा का बड़ा केंद्र बनाना चाहते हैं। आज ही राजनांदगांव और भिलाई में बहुत बड़े सोलर प्लांट्स का लोकार्पण किया गया है। इसमें ऐसी व्यवस्था है। जिससे रात में आसपास के लोगों को बिजली मिल सकेगी।

भारत सरकार का लक्ष्य सोलर पावर से देश के लोगों को बिजली देने के साथ ही साथ ही उनका बिजली बिल जीरो करने का भी है। मोदी हर घर को सूर्यघर बनाना चाहता है। मोदी हर परिवार को घर में बिजली बनाकर, वहीं बिजली बेचकर आय का एक और साधन देना चाहता है। इसी उद्देश्य के साथ हमने पीएम सूर्योदय योजना शुरू की है। अभी यह योजना एक करोड़ परिवारों के लिए है। इसमें घर के छत पर सौर पैनल लगाने के लिए सीधे बैंक खाते में पैसे भेजेगी। इससे 300 यूनिट तक बिजली मुफ्त मिलेगी और ज्यादा बिजली पैदा होगी तो सरकार बिजली खरीद लेगी। इससे परिवारों को हर वर्ष हजारों रुपए की कमाई होगी। सरकार का जोर हमारे अन्नदाता को ऊर्जादाता बनाने का भी है। सोलर पंप के लिए खेत के किनारे बंजर जमीन पर छोटे सोलर प्लांट लगाने सरकार मदद दे रही है। छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार जिस प्रकार अपनी गारंटियों को पूरा कर रही है वो बहुत प्रशंसनीय है। छत्तीसगढ़ के लाखों किसानों को दो साल का बकाया बोनस दिया जा चुका है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के पैसे बढ़ाने की गारंटी मैंने दी थी। डबल इंजन सरकार ने यह गारंटी पूरी कर दी है। गरीबों के घर पहले नहीं बन पा रहे थे। अब हमारी सरकार गरीबों के घर बनाने तेजी से काम कर रही है। हर घर जल की योजना, इसे भी पूरा करने की दिशा में सरकार तेजी से काम कर रही है। पीएससी परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच का आदेश दे दिया गया है। मैं छत्तीसगढ़ की बहनों को महतारी वंदन योजना की बधाई देता हूँ इससे लाखों महिलाओं को लाभ होगा। हम जो कहते हैं वो कर के दिखाते हैं। मोदी की गारंटी यानी गारंटी पूरा होने की गारंटी। छत्तीसगढ़ के पास परिश्रमी किसान, प्रतिभाशाली नौजवान और प्रकृति का खजाना है। विकसित होने के लिए जो भी चाहिए, छत्तीसगढ़ के पास पहले भी मौजूद था। आज भी है। आप सभी मोदी के परिवार हैं। आपके सपने ही मोदी का संकल्प हैं। आज मैं विकसित भारत, विकसित छत्तीसगढ़ की बात कर रहा हूँ। 140 करोड़ देशवासियों के इस सेवक ने अपने परिश्रम और निष्ठा की गारंटी दी है। हमने गारंटी दी थी कि सरकार ऐसी होगी कि पूरी दुनिया में हर भारतीय का माथा गर्व से ऊंचा होगा। इस गारंटी को पूरा करने मैंने अपने आप को खपा दिया। 2014 में मोदी ने गारंटी दी थी कि सरकार गरीबों के लिए कोई कसर बाकी नहीं रहेगी, गरीबों को लूटने वाले को गरीबों का पैसा लौटाना पड़ेगा। गरीबों का पैसा लूटने वालों पर सख्त कार्रवाई हो रही है। मुफ्त राशन, सस्ती दवाएं, गरीबों के लिए घरए घर घर कनेक्शन, साफ जल, हर घर टायलेट ये सारे काम हो रहे हैं। जिन गरीबों ने इन सुविधाओं की कल्पना भी नहीं की थी उनके घर में भी यह सुविधाएं पहुंच रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान मोदी की गारंटी वाली गाड़ी इसलिए ही गांव गांव आई थी। मुख्यमंत्री ने आपको बताया कि इस गारंटी वाली गाड़ी में क्या क्या काम हुआ, यह बताए। दस वर्ष पहले मोदी ने एक और गारंटी दी थी कि ऐसा भारत बनाएंगे जिसके सपने हमारी पहले वाली पीढ़ी ने बहुत आशा के साथ देखा था, इन्हें संजोया था। आज देखिये चारों तरफ हमारे पूर्वजों ने जो सपने देखे, वैसा ही नया भारत बन रहा है। दस वर्ष पहले किसी ने सोचा भी था कि गांव-गांव में डिजिटल पेमेंट होगा। कहीं अर्जी देनी हो, कहीं बिल चुकाना हो क्या घर से हो सकता है। क्या किसी ने सोचा था। क्या किसी ने सोचा था कि बाहर मजदूरी करने गया बेटा पलक झपकते ही पैसा भेज पायेगा। क्या किसी ने सोचा था कि केंद्र की सरकार पैसे भेजेगी और तुरंत संदेश आ जायेगा कि पैसे पहुंच गये।

बीते दस साल में हमने चौतीस लाख करोड़ रुपए से ज्यादा डीबीटी अर्थात डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर से पैसे भेजे। देश की जनता के बैंक खातों में हमने इतनी बड़ी राशि भेजी। हमने मुद्रा योजना के तहत भी युवाओं को करोड़ों रुपए की मदद दी है। हमने पीएम सम्मान निधि के तहत पौने तीन लाख करोड़ रुपए किसानों को दिये। आज हमारी सरकार है जो गरीबों को अपना अधिकार दिला रही है। जब भ्रष्टाचार रूकता है तो विकास की योजनाएं आरंभ होती हैं। रोजगार बढ़ता है। शिक्षा, स्वास्थ्य की आधुनिक सुविधाएं भी बनती हैं। आज जो चौड़ी सड़कें, रेल लाइन बन रही है ये हमारे सुशासन का ही नतीजा है। ऐसे ही कामों से विकसित छत्तीसगढ़ का सपना पूरा होगा। छत्तीसगढ़ विकसित होगा तो भारत को विकसित होने से कोई नहीं रोक पायेगा। आने वाले पांच वर्षों में जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत होगा तो छत्तीसगढ़ भी विकसित होगा। यह सबके लिए बहुत बड़ा अवसर है। विकसित छत्तीसगढ़ उनके सपनों को पूरा करेगा।

# गोड़ी धर्म दर्शन गाथा सुनने कलकसा पहुंचे नेतागण



डोंगरगढ़/कलकसा (दावा)। ग्राम कलकसा में ध्रुव गोड़ समाज द्वारा आयोजित गोड़ी कोया पूनेम धर्मदर्शन कार्यक्रम में धार्मिक बंधुओं के अलावा नेतागणों ने भी पहुंचकर गुरु जी का आशीर्वाद लिया। जहां गोड़ समाज के अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम के नेतृत्व में सभी अतिथियों का बैच, पिला चावल, गमछा से स्वागत किया गया।

कलकसा में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा कि हमारी पुरानी संस्कृति को जानने के लिए कार्यक्रम स्थल तक सपरिवार पहुंचे जो नहीं आए हैं उनको भी अन्य दिन के कथा में सम्मिलित करें। पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य महेश चंद्रवंशी ने दादा हिरा सिंह मरकाम को याद करते हुए कहा की मैं इस प्रकार का आयोजन में इससे पहले सम्मिलित नहीं हुआ था।

आज आप लोगों द्वारा पूर्वजों के योगदान को कथा के माध्यम से बताने का बहुत सुंदर आयोजन हुआ है और आयोजन समिति सहयोग राशि प्रदान की। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा, सरपंच अशोक दास साहू, गोड़ समाज अध्यक्ष नरोत्तम कुंजाम, नेतराम साहू, दिनेतू जांगड़े, कीर्तन मंडावी, बरमत बाई, सरस्वती कुंजाम, पन्नालाल धुर्वे, राजू वर्मा, फत्तू वर्मा, शालिक गेडाम, कुंवर सिंह ठाकुर, नेतराम जंघेल, भारत वर्मा एवं सामाजिक जन उपस्थित थे।

# अंडरस्टैण्ड, लर्न एवं प्रेक्टिस है परीक्षा में सफल होने का मूल मंत्र- कलेक्टर चन्द्रवाल

बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि अंडरस्टैण्ड, लर्न एवं प्रेक्टिस परीक्षा में सफलता प्राप्त करने का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए विषय के प्रति गहरी समझ, सीखने की ललक एवं निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक है।



विद्यार्थियों के साथ जमीन में बैठकर किया भोजन, विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए प्रदर्शनी अवलोकन कर सराहना की

श्री चन्द्रवाल ने कहा कि विद्यार्थी इन तीनों चीजों को आत्मसात कर ले तो परीक्षा में सफलता प्राप्त करने से उन्हें कोई नही रोक सकता। श्री चन्द्रवाल आज आमापारा बालोद स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित विद्यार्थियों के न्योता भोज कार्यक्रम के अवसर पर उदगार व्यक्त कर रहे थे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने बच्चों के साथ जमीन में बैठकर भोजन किया और उनका उत्साहवर्धन किया। श्री चन्द्रवाल ने न्योता भोज कार्यक्रम के अवसर पर बच्चों के साथ भोजन के इस पल को अपने लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एवं चिरस्मरणीय बताया। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने विद्यार्थियों को आपसी सद्भावना, प्रेम, भाईचारा, अनुशासन एवं नैतिकता जैसे मानवीय गुणों को आत्मसात करते हुए कडी मेहनत कर जीवन में उपलब्धि हासिल करने को कहा। इस अवसर पर उन्होंने विद्यालय एवं विद्यार्थियों के मदद एवं मार्गदर्शन हेतु हर समय उपलब्ध रहने का आश्वासन भी दिया। श्री चन्द्रवाल ने अपने विद्यार्थियों के जन्म दिवस के अवसर पर न्योता भोज के आयोजन करने के लिए विद्यालय की शिक्षिका श्रीमती नीलम प्रसाद की भूरी-भूरी सराहना भी की।

कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित बनाए गए प्रदर्शनी का अवलोकन कर उसकी सराहना की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी मुकुल साव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती लीनू तुली, नोडल अधिकारी रूपेश कश्यप, लोचन देशमुख सहित शिक्षक-शिक्षिका एवं बडी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# प्रज्ञागिरी में रोपवे की मांग, गडकरी से मिले प्रतिनिधि



डोंगरगढ़(दावा)। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भेंटकर प्रज्ञागिरि डोंगरगढ़ में रोपवे लगाने के लिए प्रज्ञागिरि ट्रस्ट समिति द्वारा निवेदन दिया गया है। प्रज्ञागिरि में कैफेटेरिया मेडीटेशन केन्द्र प्रतिक्षालय एवं अन्य कार्य प्रगति पर उक्त कार्य को और गति देने के लिए नागपुर के सामाजिक कार्यकर्ता संजय शेंडे, वसंतराव पाटील इनके नेतृत्व में सलाहकार समिति के सक्रिय कार्यकर्ता आयु. अधीर बागड़े, आयु. विनय पाटिल, मिलिंद गोंदाडे द्वारा नितिन गडकरी भेंटकर उनका पुष्पगुच्छ से स्वागत कर श्री गड़करी को प्रज्ञागिरि में निःशक्त, वृद्ध एवं अन्य कारणों से प्रज्ञागिरि में तथागत भगवान गौतम बुद्ध के दर्शन से वंचित रहते है और निर्माणधीन मेडिटेशन का लाभ नहीं मिल पाने के कारणों को दर्शाते हुए प्रज्ञागिरि में रोप वे लगाने हेतु ज्ञापन सौंपा। मंत्री द्वारा प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन देते कहा गया कि कुछ कमी है, उसे पूरा करते ही आगे की कार्यवाही कर सकूंगा।

# प्राथमिक शाला सनडोंगरी में न्योता भोजन का वितरण

डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला सनडोंगरी संकुल मुढ़ीपार, विकास खंड खैरागढ़, में छत्तीसगढ़ शासन के आदेशानुसार, जिला शिक्षा अधिकारी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एफ.आर.कोसरिया, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सुश्री नीलम सिंह राजपूत, बी.आर.सी. सुजीत सिंह चौहान के निर्देशानुसार एवं संकुल समन्वयक अर्जुन सिंह चंद्रवंशी के मार्गदर्शन, प्रधान पाठक लादूराम साहू के संयोजन में ग्राम सनडोंगरी में गठित, ज्योति महिला स्वयं सहायता, जय माँ कल्याणी, जय माँ दुर्गा, जय माँ संतोषी, चंचल महिला समूह, जय माँ शीतला, राधा-कृष्ण महिला स्वयं सहायता समूहों के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा आपसी सहयोग से खाद्य सामग्री जुटाकर खीर, पूड़ी, सब्जी, पापड़ का पूर्ण मध्यान्ह भोजन, न्योता भोजन कराया गया। इस अवसर पर महिला समूहों के सदस्यों, शाला प्रबंधन समिति, मितानिन, आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, रसोइया, ग्रामवासी का सहयोग सराहनीय रहा।

***पीएम मोदी ने पांच नए एम्स***

भारत का हेल्थ सिस्टम पूरी तरह से बदल गया है। बीते दशक में एम्स, मेडिकल कॉलेज का विस्तार हुआ है। हमने छोटी-छोटी बीमारियां के लिए गांव-गांव में डेढ़ लाख से ज्यादा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बनाएं है। आज देशभर में 706 मेडिकल कॉलेज हैं। राजकोट स्थित सार्वजनिक कार्यक्रम में पीएम मोदी ने कहा कि आज के कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए देश के दूसरे राज्यों से भी कई लोग जुड़े हैं। मैं उन सभी लोगों का स्वागत करता हूं। आज राजकोट के इस कार्यक्रम से राज्यों में भी विकास की कई परियोजनाएं आगे बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के राजकोट, पजांब के बठिंडा, उत्तर प्रदेश के रायबरेली, पश्चिम बंगाल के कल्याणी, आंध्र प्रदेश के मंगलागिरी में बने नई एम्स को राष्ट्र को समर्पित किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजकोट में 48,100 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

'सौराष्ट्र में पानी का संकट दूर किया'- प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा 'हमने वो दिन देखें हैं, जब सौराष्ट्र के लोग पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करते थे। नदियों का पानी सौराष्ट्र और कच्छ लाया गया। कांग्रेस ने मेरी आलोचना की, लेकिन आज सौराष्ट्र नर्मदा अवतरण सिंचाई योजना से सौराष्ट्र की कायापलट कर दी है। 1300 किलोमीटर लंबी पाइपलाइन बिछाई गई, जो इतनी चौड़ी है कि इससे कार भी गुजर सकती है। सैंकड़ों गांवों के पास अब पानी है। दुनिया में भारत की छवि उभर रही- प्रधानमंत्री ने कहा जब आपने मुझे दिल्ली भेजा तो मैंने वादा किया था कि देश को और लुटने नहीं दूंगा। कांग्रेस के समय हुए हजारों करोड़ के घोटालों पर रोक लगी। बीते 10 वर्षों में देश पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। पूरे देश में निर्माण कार्य हो रहे हैं। हमारे तीर्थ स्थल आधुनिक हो रहे हैं। भारत के मेगा प्रोजेक्ट्स से दुनिया में भारत की छवि तेजी से उभर रही है। पीएम मोदी ने कांग्रेस पर साधा निशाना- प्रधानमंत्री ने कहा जब मैंने नया भारत बनाने की गारंटी दी तो विपक्ष मुझे गाली देने लगा और इसे नकार दिया। आज सभी लोग नए भारत को अपनी आंखों के सामने बनते देख रहे हैं। जिन्होंने लंबे समय से देश पर राज किया, उनके पास इच्छा शक्ति ही नहीं थी, उनकी सोच सिर्फ आम जनता को बातें सुनाने की ही थी। कांग्रेस ने सिर्फ एक परिवार को समृद्ध किया। उनकी सारी सोच सिर्फ पांच साल के लिए सरकार बनाने और घोटालों को छिपाने तक सीमित थी। 2014 से पहले वे भारत को 11वीं अर्थव्यवस्था बना पाए। जिस बजट से इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास होना चाहिए था, उसे घोटालों के जरिए लूटा गया। कांग्रेस ने 2जी घोटाला, कॉमनवेल्थ घोटाला, हेलीकॉप्टर घोटाला, सबमरीन घोटाला किया। कांग्रेस ने देश की हर जरूरत से मुंह फेरा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

***इनेलो प्रदेश अध्यक्ष नफे सिंह....***

नहीं कर पा रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि दिवंगत आत्मा को मेरी श्रद्धांजलि व परिजनों के प्रति गहरी संवेदनाएं। ईश्वर से प्रार्थना है कि परिवारजनों को यह कष्ट सहन करने की शक्ति प्रदान करें। हमले में घायल हुए सुरक्षाकर्मियों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

***एसीबी और ईओडब्ल्यू की ...***

पूर्व आईएएस अनिल टुटेजा, सरकारी शराब कंपनी के पूर्व एमडी अरुणपति त्रिपाठी, आबकारी अधिकारी सौरभ बख्शी, अशोक सिंह, अरविंद सिंह, सिद्धार्थ सिंघानिया, अनवर ढेबर और नोएडा में विधु गुप्ता आदि शामिल हैं।

जनवरी 2024 में एफआईआर - एसीबी और ईओडब्ल्यू ने ईडी के पत्र के आधार पर जनवरी 2024 में एफआईआर दर्ज की है। ईओडब्ल्यू के दर्ज एफआईआर में अनिल टुटेजा, अरुणपति त्रिपाठी और अनवर ढेबर को शराब घोटाला का मास्टरमाइंड बताया गया है। एफआईआर में शामिल बाकी आईएएस और अन्य सरकारी ऑफिसर और लोग सहयोग किये थे। शराब घोटाला से होने वाली आमदनी का एक बड़ा हिस्सा इन्हीं तीनों को जाता था। टुटेजा आईएएस ऑफिसर हैं, जब घोटाला हुआ तब वे वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के संयुक्त सचिव थे। दूरसंचार सेवा से प्रतिनियुक्ति पर आए त्रिपाठी आबकारी विभाग के विशेष सचिव और छत्तीसगढ़ मार्केटिंग कॉर्पोरेशन के एमडी थे। वहीं अनवर ढेबर रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के बड़े भाई और शराब कारोबारी है।

***छत्तीसगढ के पहले माइक्रोबायोलॉजी....***

हम प्रत्येक नागरिक को शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण सुरक्षित और पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं. बेहतर स्वास्थ्य की संकल्पना पूरी हो सके, इसके लिए यह लैब खाद्य सुरक्षा के लिए एक कवच का काम करेगी। 0 2006 से हो रहा संचालन - बताया जा रहा है कि दिसंबर 2006 से कालीबाड़ी रायपुर स्थित नवीन भवन में खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का संचालन किया जा रहा है, इसमें रविवार को पीएम मोदी ने माइक्रोबायोलॉजी खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला की सौगात दी है. यह प्रयोगशाला खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण नई दिल्ली की अतिरिक्त वित्तीय सहायता 4 करोड 33 लाख रूपए से तैयार की गई है. यह प्रदेश का पहला खाद्य माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला है। इन चीजों की हो सकेगी जांच- खाद्य पदार्थों और पेयजल को हानिकारक सूक्ष्म-जीवाणुओं द्वारा दूषित कर दिया जाता है. इससे जन-सामान्य को कई तरह की बीमारियां होने की संभावना रहती है. खाद्य जनित बीमारियां जैसे उल्टी, डायरिया, टाईफाईड, बुखार, हैजा, त्वचा संबंधित बीमारियां आदि होती है. पूर्व में प्रयोगशाला में रासायनिक परीक्षण, हैवी मैटल, पेस्टीसाईड, विटामिन्स की परीक्षण होती थी, परन्तु माईक्रोबायोलॉजिकल मानकों की जांच नहीं होती थी. अब आधुनिक मशीनों से सुसज्जित माइक्रोबायोलॉजी प्रयोगशाला प्रारंभ होने से खाद्य पदार्थो को दूषित करने वाले बैक्टीरिया, फंगस, यीस्ट, मोल्ड आदि की जांच हो सकेगी.

***धौलपुर में बोले राहुल गांधी...***

वहीं, कार्यक्रम हुई देरी के कारण ज्यादातर कार्यकर्ता सभा स्थल से लौट गए थे. ऐसे में सभा की अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं. दरअसल, राहुल गांधी को 3-30 बजे सभा स्थल पर पहुंचना था, लेकिन लेकिन वो शाम 6 बजे धौलपुर पहुंचे. ऐसे में सभा में शामिल होने के लिए आए अधिकांश पार्टी कार्यकर्ता व समर्थक अपने घरों को लौट गए.

2 मार्च से फिर शुरू होगी यात्रा : धौलपुर के बोथपुरा गांव पहुंची राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा को फिलहाल विराम दिया गया है. वहीं, धौलपुर से राहुल और प्रियंका गांधी वापस दिल्ली के लिए रवाना हो गए. साथ ही बताया गया कि 2 मार्च को धौलपुर से ही भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत होगी. शहर के राजाखेड़ा बाइपास से सागरपा?ा चेक पोस्ट तक गरीब ढाई किलोमीटर तक पैदल यात्रा निकाली जाएगी और यहां से यात्रा मध्यप्रदेश के मुरैना जिले में प्रवेश कर जाएगी.

***बसपा सांसद भाजपा में शामिल ...***

श्री पांडेय विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के उद्देश्य से भाजपा परिवार में शामिल हुए हैं। भाजपा महासचिव श्री चुघ ने रितेश पांडेय का पार्टी में स्वागत करते हुए कहा कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी हो, कच्छ से लेकर कामरूप हो, हर जगह लोग प्रधानमंत्री श्री मोदी के विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में लगे हुए हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी के 10 वर्षों के कार्यकाल में लगभग 25 करो? लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। इसी विकास यात्रा में सहभागिता देने रितेश पांडेय आज भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं।

*पीएम मोदी ने गहरे समुद्र में की ....*

भगवान विश्वकर्मा ने द्वारका नगरी का निर्माण किया था, जो भारत में श्रेष्ठ नगर का उत्तम उदाहरण है। भगवान श्री कृष्ण की कर्मभूमि द्वारकाधाम को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए श्री मोदी ने जोड़ा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारकाधीश स्वरूप में यहाँ विराजमान हैं। यहाँ जो होता है, वह द्वारकाधीश की इच्छा से होता है। आदि शंकराचार्य ने यहाँ शारदा पीठ की स्थापना की थी। नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, रुक्मणि मंदिर यहाँ के आस्था केन्द्र हैं।

## ज्योतिष चमत्कार ( 26 फरवरी 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 18 | 26 | 32 | 42 |
| मंगल | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 28 | 34 | 46 | 54 |
| बुध | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 36 | 48 | 56 | 62 |
| गुरू | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 40 | 58 | 64 | 74 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 76 | 84 | 92 |
| शनि | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 78 | 86 | 96 | 04 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 63 | 75 | 85 | 91 |
| मंगल | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 79 | 87 | 93 | 03 |
| बुध | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 89 | 95 | 07 | 13 |
| गुरू | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 09 | 17 | 23 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 29 | 37 | 43 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 0 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 9 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 5 | 6 | 8 |
| स्पेशल | 21 | 53 | 64 | 87 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 43 | 65 | 78 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 91 | 72 | 30 | 45 | 04 | 48 |
| 16 | 62 | 45 | 72 | 87 | 98 |
| 01 | 97 | 06 | 07 | 52 | 25 |
| 44 | 04 | 52 | 40 | 03 | 89 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 38 | 95 | 24 | 90 | 60 |
| 77 | 22 | 83 | 28 | 72 |
| 03 | 60 | 36 | 07 | 45 |
| 60 | 11 | 60 | 91 | 77 |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-49-66-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-48-50-62-66-79-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# रेलवे स्टेशन में यात्री केन्द्रित सुविधाओं का किया जा रहा है उन्नयन एवं आधुनिकीकरण

डोंगरगढ़ (दावा)। रेल मंत्रालय के महत्वाकांक्षी परियोजना के अंतर्गत यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधा प्रदान करने हेतु 'अमृत भारत स्टेशन' योजना के अंतर्गत स्टेशनों के कायाकल्प की तैयारी चल रही है। अगस्त 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के 1200 स्टेशनों पुनर्विकास के कार्य का शिलान्यास किया गया था।




जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के 3 स्टेशन गोंदिया, वडसा तथा चांदाफोर्ट शामिल थे, अब दपूमरे नागपुर मंडल के तहत शेष 12 (राजनांदगाँव, डोंगरगढ़, बालाघाट, सिवनी, नैनपुर, मंडला फोर्ट, छिंदवाडा, आमगाँव, कामठी, भंडारा रोड, तुमसर रोड एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी) स्टेशनों का उन्नयन एवं आधुनिकीकरण कार्य कर स्टेशनों का कायाकल्प किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल नागपुर मंडल के अंतर्गत उल्लेखनीय कुल 64 आरयूबी/आरओबी/एलएचएस का उद्घाटन/राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा। ये सिवनी-पिपरडाही, पिपरडाही-चौरई, तुमसर-मुंडीकोटा, कोका-भंडारारोड, गोंदिया-गुदमा सालेकसा-आमगाँव, राजोली-मूलमरोड़ा, दुर्ग-रसमडा आदि खंडों में फैले हुए हैं।

यात्रियों को मिलेंगी विश्वस्तरीय सुविधाएं - पुनर्विकास के बाद डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं और बेहतर यात्रा अनुभव होगा। स्टेशन पर उन्नत व आधुनिक सुविधाओं से युक्त वेटिंग हॉल का प्रावधान किया जाएगा। स्टेशन पर वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग जन के अनुकूल सुविधाएं होंगी। स्थानीय कला और संस्कृति को ध्यान में रखते हुए स्टेशन के डिजाइन तथा स्वरूप का उन्नयन किया जाएगा। स्टेशन परिसरों को मनमोहक स्वरूप दिया जाएगा। रेलवे स्टेशन सिटी के दोनों तरफ जुड़कर सिटी सेंटर की तरह विकसित किए जायेंगे। स्टेशन स्थानीय संस्कृति और समृद्ध विरासत का आकर्षक केंद्र बनेगा, जहाँ यात्रियों की संख्या बढ़ने के साथ-साथ रोजगार बढ़ने की व्यापक संभावना विकसित होगी जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ राज्य राज्य में रेल विकास कार्यों के लिए बजट 24-25 हेतु कुल 6 हजार 896 करोड़ रु आवंटित किया गया है।

करोड़ों रुपए की लागत से किए जा रहे हैं विकास कार्य - इस स्टेशन का उन्नयन तथा आधुनिकीकरण 12.51 करोड़ रुपए की लागत से किए जाएँगे। प्रस्तावित पुनर्विकास कार्यों के अंतर्गत डोंगरगढ़ स्टेशन में मिलने वाली सुविधाओं में प्रमुख रूप से सर्कुलेटिंग एरिया का विकास, उद्यान एवं भूदृश्य, एक हाई मास्ट लाइट, स्टेशन बिल्डिंग का नया आकर्षित स्वरुप (संस्कृति व स्थानीयकला युक्त),वृहद कार पार्किंग की सुविधा,कॉनकोर्स विकास) चित्रकारी और स्थानीय कलाकृति), दो स्वचालित सीढ़ी तथा चार लिफ्ट, आकर्षित पोर्च, भुवनेश्वर मॉडल शौचालय, सात सी.सी.टी.वी यात्रियों की मांग तथा आकांक्षा के दृष्टिगत भारतीय रेल निरंतर ही बेहतर यात्री सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्नशील रही है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्री सुविधा एवं विकास के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका एक महत्वपूर्ण प्रतीक स्टेशनों के पुनर्विकास के कार्य हैं।

# जिले में आयुष विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम आयुर्विद्या का विभिन्न स्कूलों में किया जा रहा आयोजन

**छात्रों में बचपन से आयुर्वेद के प्रति जागरूकता लाने के लिए की गई पहल**

राजनांदगांव (दावा)। आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन अन्तर्गत संचालनालय आयुष रायपुर के निर्देशन में आयुष विभाग के राष्ट्रीय कार्यक्रम आयुर्विद्या का जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजन किया जा रहा है।



**सही जीवन शैली, खानपान तथा रोगों की रोकथाम के संबंध में दी गई जानकारी**

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में बचपन से आयुर्वेद के प्रति जागरूकता का बीज बोना है। गलत जीवन शैली एवं खानपान से उत्पन्न रोगों से बचाव करना है। इसके साथ किसी रोग की स्थिति में विद्यार्थियों की पहचान कर अपने अभिभावकों के साथ पास के आयुर्वेद संस्थाओं या उच्च केन्द्रों में उपचार हेतु भेजना है। विद्यालयों में कक्षा स्तर के अनुसार विभिन्न विषयों पर जागरूकता जैसे स्वच्छता, हस्तप्रक्षालन, दिनचर्या, पोषक आहार, आहार विधि, अच्छा आचरण, ऋतुचर्या, दैनिक जीवन में योग एवं व्यायाम का महत्व, मानसिक स्वास्थ्य, बालिकाओं में माहवारी, रक्ताल्पता, किशोरावस्था सम्बंधी समस्याएं, शारीरिक प्रकृति के विषय में सचेत करना है। इसके साथ आसपास पाये जाने वाले औषधीय, पेड़-पौधे जैसे नीम, ऑवला, जामुन, गिलोय, ऐलोवेरा, तुलसी, हरिद्रा आदि के उपयोग से परिचित कराना है, जिससे बच्चे इसे लगाने के लिए भी प्रेरित हो। जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. रमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रज्ञा सक्सेना द्वारा जिले के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय चिखली, शासकीय माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शंकरपुर, राजेश्वरी हायर सेकंडरी स्कूल चिखली, शासकीय माध्यमिक विद्यालय मिल चॉल, शासकीय माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल गठुला, शिवशक्ति स्कूल चिखली में आयुर्विद्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया है।

# मेले से लौटते वक्त सड़क हादसे में एक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल, मृतक के घर में पसरा मातम



बालोद (दावा)। बालोद जिले के डोंडी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुरुटोला मुख्य मार्ग में एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई जहां घटना में एक व्यक्ति की मौके पर मौत हो गई, वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान सुनील तारम के रूप में हुई है मामला डौण्डी थाना क्षेत्र के कुरुटोला गांव का का बताया जा रहा है।

**मेले से लौट रहे थे दोनों**

आपको बता दें कि सुनील तारम और मंगलतराई निवासी मंगेश मंडावी मंडई मेला देखने गए थे वहां से लौटते वक्त डौण्डी कुरुटोला मुख्य मार्ग में इनकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। हादसे में सुनील की मौके पर मौत हो गई वहीं मंगेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। आपको बता दें कि 24 फरवरी को डोंडी का मेला था जहां से दोनो लौट रहे थे घटना आधी रात की होने के कारण आज मामले में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

# मुढ़ीपार में हुआ षडंगी जी का कार्यक्रम

डोंगरगढ़ (दावा)। खैरागढ़ ब्लॉक के सबसे बढ़े ग्राम मुढीपार में जस सम्राट दिलीप षडंगी का प्रथम दिन 22 फरवरी दिन गुरुवार में जस जगराता किया गया दूसरा दिन 23 फरवरी दिन शुक्रवार में राम ददरिया अखिलेश यादव एवं दिनेश वर्मा दुर्ग नयापारा का शानदार कार्यक्रम रहा। कार्यक्रम में आसपास के लगभग हजारों की संख्या पहुंचे ग्रामीणों ने कार्यक्रम का आनंद उत्सव लिया।



प्रत्येक साल की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय मानस एवं जस झांकी महोत्सव का आयोजन लगातार 30 वर्षों से किया जा रहा है। मां दुर्गा समिति मुढ़ीपार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में दिलीप षडंगी ने अपनी वाणी से कहा की, मुझे देवी देवता स्वरूप दर्शक मां की जोन आशीर्वाद मिला उसके लिए कोटि-कोटि आभार प्रणाम। इसी तरह माया दुलार सदा मिलता रहे। कार्यक्रम में मां दुर्गा मंदिर समिति आयोजनकर्ता ग्रामवासी मुढीपार समिति के अध्यक्ष नरोत्तम सिंह, सचिव खेमलाल सिन्हा, उपाध्यक्ष कोमल कोटडिया, पुरुषोत्तम साहू, सुनीलचंद जैन, संरक्षक दाऊ भूपेंद्र सिंह ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि घनश्याम गौतम जैन, कुमेश साहू, संतोष कुंजाम, उत्तम पटेल, भीष्म पटेल, किशन साहू, किशन साहू, देवराज सेन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रतिमाह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली का लाभ

बालोद(दावा)। भारत शासन द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत देश के एक करोड़ घरों के छतों पर सौर पैनल स्थापना का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत प्रति माह 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही 78000 तक की अधिकतम सब्सिडी तथा सस्ते ब्याज पर लोन भी प्रदान की जाएगी। क्रेडा के जिला प्रभारी ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शहरी स्थानीय निकायों और पंचायतों को भी अपने अधिकार क्षेत्र में छत पर सौर प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से अधिक आय, कम बिजली और नवीन रोजगार सृजन होगा तथा नवीनीकृत ऊर्जा स्त्रोत के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि छतों पर सौर पैनल स्थापना हेतु हितग्राहियों को प्राप्त होने वाले अनुदान के अंतर्गत रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 01 से 02 किलोवॉट तथा 0 से 150 यूनिट विद्युत खपत होने पर 30 हजार से 60 हजार रूपये की राशि का अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 2 से 3 किलोवॉट तथा 150 से 300 यूनिट विद्युत खपत होने पर 60 हजार से 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी। इसी तरह रूफटॉप सोलर प्लांट की क्षमता 03 किलोवॉट तथा 300 यूनिट से अधिक विद्युत खपत होने पर 78 हजार रूपये की अनुदान प्रदान की जाएगी।

जिला प्रभारी क्रेडा ने बताया कि इसके लिए लाभार्थियों के बैंक खाते में सीधे अनुदान राशि का अंतरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा हितग्राहियों को बैंक खाते में सीधे दी जाने वाली सब्सिडी से लेकर रियायती बैंक ऋण सुनिश्चित की जाएगी। जिससे हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। योजना का लाभ लेने हेतु हितग्राही प्रधानमंत्री सूर्य घर डॉट जीओवी डॉट इन या प्रधानमंत्री सूर्य घर एप्प डाउनलोड कर पंजीयन कर सकते हैं। योजना का लाभ लेने के ईच्छुक हितग्राही क्रेडा जिला कार्यालय बालोद में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर योजना से संबंधित जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं। इसके साथ ही क्रेडा जिला कार्यालय के उप अभियंता डोमेन्द्र चुरेन्द्र मोबाईल के मोबाईल नंबर 8120444100 तथा विकास मेश्राम के मोबाईल नम्बर 9165963302 से संपर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# नियमितिकरण का वादा करके मुकर गई पिछली सरकार.... दै.वे. भोगियों को इस सरकार से आस

राजनांदगांव (दावा)। दैनिक वेतनभोगियों को नियमितकरण का वादा करके मुकर जाने वाली पिछली सरकार पर आक्रोश जाहिर करते हुए कर्मचारियों ने वर्तमान भाजपा सरकारसे नियमितिकरण की आस लगाई है। छ.ग. राज्य लघु वनोपज संघ के तेन्दूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष सोमाराव ने भाजपा सरकार से मांग की है कि उन्हें लाली पाप दिखा कर उलझा कर न रखे। उन दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितिकरण करने पर ध्यान दे। उन्होंने बताया कि अभी तक न तो इस सन्दर्भ में कमेटी का गठन किया गया है और न चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र मे किए गए वादे पर ध्यान दे रही है। सोमाराव ने कहा कि सामने लोकसभा चुनाव होने के कारण पखवाड़े भर में आचार संहिता लग सकती है। इससे भाजपा द्वारा किया गया वादा फिर से रूक सकता है। अतः चुनाव पूर्व अपने संकल्प पत्र के वादे को भाजपा की प्रदेश सरकार शीघ्र पूरा करे। पंद्रह-बीस वर्षों से अपनी विभागों में लगातार सेवाएं दे रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की लोकसभा चुनाव पूर्व नियमितिकरण का वादा पूरा की जाए।

# डोंगरगांव में तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला का हुआ आयोजन

डोंगरगांव (दावा)। शहर के बांस डिपो में 23 फरवरी शुक्रवार को वन मंडल राजनांदगांव के अंतर्गत परिक्षेत्र खुज्जी में वर्ष 2024 सीजन का तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में वन परिक्षेत्र खुज्जी, अंबागढ़ चौकी एवं परिक्षेत्र राजनादगांव सम्मिलित हुए, जिसमें कार्यशाला में मुख्य रूप से शाखकर्तन या बूटा कटाई की बारीकियों के विषय विस्तृत जानकारी दी गई। डोंगरगांव शहर के वन परिक्षेत्र खुज्जी कार्यालय में आयोजित इस कार्यशाला में अतिथियों के रूप में किरण रविन्द्र वैष्णव अध्यक्ष जपं छुरिया, देवारू मालेकर जनपद सदस्य छुरिया, रमेश खंडेलवाल पूर्व अध्यक्ष लघु वनोपज जिला युनियन, भूपेन्द्र नायक, संगीता यादव, मीनाबाई कंवर वन सभापति छुरिया, नरेश शुक्ला अध्यक्ष आसरा समिति, मोनी साहू जनपद सदस्य अं.चौकी, मूलचंद चौधरी अध्यक्ष स.व.प्र.स., व्दारिका प्रसाद साहू समाजसेवी, आर.के.गजभिये एसडीओ तेन्दूपत्ता राजनांदगांव, भूपेन्द्र उइके रेंजर खुज्जी, एच.बी.सिन्हा रेंजर अं.चौकी शामिल रहे।

इस दौरान बूटा कटाई करते समय ध्यान देने वाली सावधानियों, तेंदूपत्ता तोड़ाई के महत्व को होने वाले लाभों में विस्तृत चर्चा की गई, इसके साथ ही अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे अधिकारी कर्मचारियों ने भी अपने अनुभवों को साझा किया।

# बजरंग सेना की शहर कार्यकारिणी की घोषणा

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 24 फरवरी को बलभद्री जमात मंदिर में बजरंग सेना की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री, बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे एवं बजरंग सेना के शहर अध्यक्ष वैंकटेश राव की अनुशंसा पर महेश मोहोबे को शहर उपाध्यक्ष, मनीष श्रीवास्तव को शहर महासचिव, निवेश यादव को शहर महामंत्री, गोपाल सोनी को शहर उप संगठन मंत्री, सुमित सोनी को शहर कार्यालय प्रभारी, देवदास निर्वाणी को शहर प्रवक्ता, डेविड वर्मा को शहर वरिष्ठ सम्मानित सदस्य, मयंक सायम को शहर सुरक्षा प्रभारी, शुभम जाटव को संगठन महामंत्री, सागर यादव को शहर संयोजक, लोकेश यादव को शहर मुख्य संरक्षक, मेहुल यादव को शहर सचिव, नूतन वैष्णव एवं जितेन्द्र यदुवंशी को शहर प्रचार मंत्री नियुक्त किया गया है।



नवनियुक्त शहर अध्यक्ष भाई वैंकटेश राव ने सभी पदाधिकारियों को बधाई देते हुए बजरंग सेना के कार्यों से अवगत कराया गया एवं बजरंग सेना के प्रदेश अध्यक्ष बाबा देवनाथ दास शास्त्री ने भी उन्हें शुभकामनाएं दी एवं बजरंग सेना के जिला के सभी पदाधिकारियों ने शहर के पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बजरंग सेना के जिला अध्यक्ष नरेश कोचरे जी ने उन्हें बजरंग सेना के नियमों से अवगत कराया और उन्होंने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है कि सभी पदाधिकारी हिन्दू धर्म, संस्कृति की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे एवं जो भी हमारी हिन्दू संस्कृति को ठेस पहुंचाने की कोशिश करेगा उसे हम कदापि बर्दास्त नहीं करेंगे।

इस घोषणा के पश्चात पूरा माहौल बजरंगबली के नाम से गूंज उठा एवं सभा कार्यकर्ताओं ने श्री राम जी के जयघोष से पूरा माहौल राम मय हो गया। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष राजू वर्मा, जिला महामंत्री अशोक निर्मलकर, जिला प्रभारी नितेश यादव, जिला संयोजक तामेश्वर साहू, जिला सचिव ढालेश वैष्णव, जिला संगठन मंत्री लाल मुनई, जिला सचिव एवं कानून मंत्री अशोक श्रीवास, जिला सहसंयोजक गीतेश गुप्ता, जिला मिडिया प्रभारी सुशील तिवारी एवं राजकमल ध्रुव, जिला संरक्षक शिव वर्मा एवं दुर्गेश यादव आदि उपस्थित थे।

# सहसपुर में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता 7 मार्च से

सहसपुर दल्ली (दावा)। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर दिनांक 7 एवं 8 मार्च को जयशंकर मानस परिवार एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय सस्वर मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन में शामिल होने अंचल के ख्यातिलब्ध मानस परिवारों का स्वीकृति मिल गया है। ज्ञातव्य हो कि इस तरह के आयोजन का यह 23वां वर्ष है। इसी तिथि को ग्राम टोलागांव, गर्रापार व खम्हारडीह में भी कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। उक्ताशय की जानकारी संतोष कुमार साहू द्वारा दी गई।

# आज महिलाओं पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम के संबंध में कार्यशाला

राजनांदगांव (दावा)। महिलाओं का कार्य स्थल पर लैंगिक उत्पीडन् अधिनियम के संबंध में 26 फरवरी को सुबह 10.30 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में कार्यशाला का आयोजन किया गया है। कार्यशाला में सभी कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समिति के दो सदस्यों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं।

# डोंगरगढ़ ब्लॉक में कर्मचारी एवं अधिकारी फेडरेशन ने ज्ञापन सौंपा

**केंद्र के सामान महंगाई भत्ता, सातवां वेतनमान सहित अन्य मुद्दे ज्ञापन में शामिल**

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय आह्वान पर डोंगरगढ़ के ब्लॉक संयोजक भेलसिंह वर्मा, महासचिव योगेश चौरे, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे के नेतृत्व में तहसील कार्यालय डोंगरगढ़ के समाने 46 प्रतिशत डीए सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में मोदी की गारंटी का अमल करने भोजन अवकाश के समय दोपहर 2.00 बजे मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम नायब तहसीलदार विजय कुमार साहू को ज्ञापन सौंपा गया। तहसील-ब्लॉक के शासकीय सेवकगण तहसील मुख्यालय में इकट्ठा होकर प्रदर्शन करते दिखाई दिए।



विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण एकजुट होकर अपने जायज मांगों के लिए प्रदर्शन किया। केंद्र के समान 46 प्रतिशत डीए एवं बकाया एरियर्स राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने सहित चार सूत्रीय लंबित मांगों के समर्थन में शासकीय सेवकों ने अपनी ताकत दिखाई। मांगों के विषय में छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी योगेश चौरे ने बताया कि पूर्व में भी कर्मचारी संगठनों द्वारा राज्य शासन को समय-समय पर अपनी जायज मांगों के निराकरण हेतु अनुरोध किया जाता रहा है, किन्तु राज्य शासन द्वारा शासकीय सेवकों के हित में समाधान कारक निर्णय नहीं लेने के कारण प्रदेश के कर्मचारीगण, अधिकारीगण, पेंशनर्स प्रताड़ित हो रहे है। शासन द्वारा राज्य सेवा के कर्मचारियों के वेतन में लगातार कटौती की जा रही है और उनके मौलिक अधिकारों का हनन किया जा रहा है, जिसके कारण शासकीय सेवकों में निराशा और आक्रोश व्याप्त है और वे अपने हक की लड़ाई के लिये लामबद्ध हो रहे।

**केंद्र के सामान महंगाई भत्ता, सातवां वेतनमान सहित अन्य मुद्दे शामिल**

डोंगरगढ़ विकासखंड में मुख्य रूप से विभिन्न संगठनों एवं संघों के अध्यक्षगण पदाधिकारीगण सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभा को संयोजक भेलसिंह, अमित वैष्णव, योगेश चौरे, सुश्री लक्ष्मी देवांगन, एवं अन्य कर्मचारियों नेताओं ने संबोधित किया। सभी ने वर्तमान परिस्थिति में केंद्र के समान केंद्र की तिथि से महंगाई भत्ता सातवें वेतनमान के अनुसार ना मिलना, पुरानी पेंशन, वेतन विसंगति पिंगवा कमेटी रिपोर्ट सार्वजनिक कराने हेतु अपनी बातें रखी। सभी कर्मचारी संघ के नेताओं ने कहा कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए मजबूर होंगे। हड़ताल में अमित वैष्णव, हीरालाल मौर्य, चंद्रशेखर विजयवार, धनेश्री बारिक, जितेंद्र डाहाट, धन्नूलाल महोबिया, श्रीमती धनलक्ष्मी महोबिया, श्रीमती कुंता काडे व सभी संगठनों के कर्मचारी, अधिकारी उपस्थित थे।

# भरदा(ट) प्राथमिक शाला में न्योता भोज आयोजित



हरदी (दावा)। शासकीय प्राथमिक शाला भरदा(ट) सकुंल केन्द्र टटेंगा में प्रधानमंत्री पोषण आहार एवं न्योता भोज के रुप में गाँव के राकेश जैन द्वारा अपने पिता प्रकाश जैन के तेरहवीं कार्यक्रम के अवसर पर प्राथमिक शाला के बच्चों को खीर पुड़ी बूंदी एवं अन्य पोषण आहार खिलाया गया। इस अवसर पर जैन परिवार, प्रधान पाठक हिमांचल साहू, कमलेश्वर समस्त स्टाफ एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ का हुआ समापन





खुज्जी (दावा)। खुज्जी समीपस्थ ग्राम दर्री के शिवनाथ नदी तट स्थित ब्रम्हचारी आश्रम में संत त्रिलोचन ब्रम्हचारी के सानिध्य चल रहे पांच कुंडीय श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का समापन, पूर्णाहुति शोभायात्रा विसर्जन के साथ हुआ, सांथ ही आयोजन के तहत चल रहे अखण्ड राम नाम संकीर्तन एवं राम कथा का भी विश्राम हुआ, उक्त ग्यारह दिवशीय धार्मिक अनुष्ठान में छेत्र सहित अन्य क्षेत्र के धर्मावलम्बियों ने हजारों की संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ लिया राम कथा के विश्राम दिवस पर तिरखड़ी आश्रम, महाराष्ट्र से पधारे संत राम ज्ञानी दास महात्यागी ने अपनी दिव्य एवं ओजमयी वाणी से लंका कांड की चर्चा मे बताया कि, कुमति ही कुम्भकरण और सुमति ही विभीषण है कुमति के कुम्भ करण को कुसंग का रावण जगाता है, तो सुमति के विभीषण को, सत्संग के हनुमान जी जगाते हैं, उन्होंने बताया कि सृष्टि को बदलने की कोशिश नही अपनी दृष्टि बदलने की कोशिश करें रामकथा सुनने पहुचे बर्फानी आश्रम के महा मण्डलेश्वर गोविंद दास।

चल रहे दैवीय आयोजन के समापन दिवश पर बर्फानी आश्रम राजनांदगांव के महामंडलेश्वर, गोविंद दास सहित महंत दिग्विजय दास, महंत अंजलि शरण दास ने संत राम ज्ञानी दास महात्यागी से भेंट कर राम कथा का श्रवण किया।

# युवक को ब्लैकमेल कर आत्महत्या हेतु उकसाने वाले 6 लोग गिरफ्तार

## सेक्सटार्शन के नाम पर ब्लैकमेल कर फर्जी फोन-पे, गूगल-पे से खातों में रूपये मंगवाकर लोगों से करते थे ऑनलाईन ठगी

राजनांदगांव (दावा)। बीते दिनों घुमका थाना क्षेत्र में एक युवक के संदिग्ध अवस्था में मौत होने का मामला प्रकाश में आया था। पुलिस ने साइबर सेल के माध्यम से उस मामले को सुलझा लिया है। थाना घुमका पुलिस व सायबर सेल की संयुक्त टीम ने घटना से संबंधित आरोपियों को राजस्थान, हरियाणा, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त पीओएस मशीन, बायोमैट्रिक डिवाईस, एटीएम कार्ड जप्त कर दो बैंक खाताओं को फ्रीज किया गया है।





### खेत में मिला था शव

बता दें कि 8 फरवरी को थाना घुमका क्षेत्रांतर्गत एक 26 वर्षीय युवक अपने घर से बिना बताये सायकल लेकर कहीं चला गया था। आसपास पता न चलने पर प्रार्थी पिता के द्वारा 9 फरवरी को थाना घुमका में गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कराया। गुमशुदा की पतासाजी के दौरान 12 फरवरी को गुमशुदा युवक का शव ग्राम गोपालपुर खेत में होने की सूचना मिली। इस पर थाना घुमका पुलिस, क्षेत्रीय फोरेंसिक टीम दुर्ग के साथ मौके पर पहुंचकर घटना स्थल व शव निरीक्षण किया गया साथ ही गुमशुदा युवक मृत हालत में बरामद होने पर थाना घुमका में मर्ग क्रमांक 05/24 धारा-174 द.प्र.संहिता के तहत कायम कर जांच कार्यवाही किया गया।

जांच के दौरान मृतक के पीएम रिपोर्ट, मृतक युवक के मोबाईल नंबर, मृतक के द्वारा अंतिम बार बैंक खाता में किये गये पैसे ट्रांसफर एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्य के अनुसार मृतक युवक को दो मोबाईल नंबरों के अज्ञात धारकों द्वारा एक राय होकर ब्लैकमेल कर फोन-पे के माध्यम से 2 हजार रूपये ट्रांसफर करवाने के बावजूद लगातार मृतक को धमकी देकर भयभीत कर आत्महत्या हेतु उकसाने पर मृतक भय की वजह से गत 8 फरवरी को अपने घर से बिना बताये निकलकर जहर सेवन कर आत्महत्या कर लिया था। पुलिस द्वारा 15 फरवरी को उक्त मोबाईल नंबरों एवं खाता धारक के विरूद्ध अपराध क्रमांक 25/2024, धारा-306,384,34 भादंवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### विभिन्न स्थानों से पकड़े गए आरोपी

घुमका थाना प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पम्मार के नेतृत्व में थाना घुमका व सायबर सेल से संयुक्त टीम गठित किया और अविलंब आरोपी पतासाजी हेतु आरोपियों के संभावित लोकेशन के आधार पर हरियाणा, राजस्थान व मध्यप्रदेश के लिए 16 फरवरी को रवाना हुए। इस पर आरोपी द्वारा घटना में प्रयुक्त बैंक खाता के डिटेल के आधार पर मजदूरों के नाम पर फर्जी खाता खुलवाकर सेक्सटार्शन, ब्लैकमेल एवं अन्य ऑनलाईन ठगी में खाता उपलब्ध कराने वाले आरोपी विक्की तनवर, अनीश खान, इरशाद खान को राजस्थान, हरियाणा के मध्य सीमा भिवाडी से 21 फरवरी को एवं विवेक निर्मश को उत्तरप्रदेश-राजस्थान सीमा के मध्य ग्राम पहाडीकला से 24 फरवरी को पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार किया गया।

इसी प्रकार मृतक पुखराज वर्मा निवासी घुमका थाना घुमका के प्रकरण में घटना में प्रयुक्त मोबाईल नंबरों को ट्रेस करते हुए थाना घुमका व सायबर सेल की टीम मध्यप्रदेश के अशोक नगर जिले के झीला व गुना क्षेत्र में जाकर पता किये जोकि पंजीकृत ग्राहकों को उनके नाम पर उक्त सीम नंबर चलने की जानकारी नहीं होना पता चला जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा फर्जी तरीके से मोबाईल नंबर एक्टीव कर आरोपी विवेक अहिरवार एवं बिजेन्द्र यादव को दिनांक 24 फरवरी को अशोक नगर जिले के शढौरा थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों ने बताया कि वे योजनाबद्ध तरीके से मोबाईल नंबरों को ग्रामीणों के नाम पर खरीदकर अपने पास रखकर उन नंबरों को ऑनलाईन ठगी व सेक्सटार्शन ब्लैकमेलिंग गिरोह में शामिल सदस्यों को प्रयोग करने के लिए दे देते हैं इस प्रकार गिरोह के लोग फर्जी मोबाईल नबरों से राजस्थान के भरतपुर जिले के ग्राम कामा, पहाडी, धरमशाला में बैठकर लोगों को कॉल कर ऑनलाईन ठगी, सेक्सटार्शन, ब्लैकमेलिंग करते हैं।

### अश्लील विडियो बनाकर सेक्सटार्शन के नाम पर ब्लैकमेल कर करते हैं ठगी

गिरोह में शामिल कुछ सदस्य फर्जी मोबाईल नंबरों एवं फेसबुक एकाउंट चलाकर लोगों के साथ चैंटिंग करते हुए उनके अश्लील विडियो बनाते है इसके बाद मोबाईल नंबर पर किसी पुलिस अधिकारी के नाम तथा यू-ट्यूब अधिकारी के नाम पर फर्जी प्रोफाईल बनाकर विडियो को डिलिट करवाने अथवा विडियो वायरल कर देने की धमकी देकर सेक्सटार्शन के माध्यम से उनके साथ ब्लैकमेल कर ठगी करते है। आरोपियों से पुलिस टीम के द्वारा घटना में प्रयुक्त मोबाईल सेट, पीओएस मशीन, एटीएम कार्ड, 4 फर्जी बैंक खाता, फर्जी मोबाईल सीम, 1 बायोमैट्रिक डिवाईस आदि जप्त किया गया है। साथ ही तीन बैंक खाताओं को फ्रीज करवाया गया है। गिरफ्तार सभी आरोपियों को न्यायालय राजनांदगांव के समक्ष पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना घुमका से निरीक्षक विनय कुमार पम्मार, उप निरीक्षक विक्रांत सुरेश कुमार सिंह, आरक्षक गौतम सिंह बरगाह, अशोक यादव व सायबर सेल मनीष वर्मा, आदित्य सिंह, हेमंत साहू, जीवन ठाकुर, दीपक जाटवार, संजीव कुमार व अन्य योगेन्द्र साहू, हरीष सिन्हा की सराहनीय भूमिका रही।

# आज पीएम नरेन्द्र मोदी जी अमृत भारत स्टेशन का करेंगे वर्चुअल शिलान्यास

- राजनांदगांव स्टेशन का 25 करोड़ में हो रहा कायाकल्प
- अमृत भारत योजना के तहत 12 स्टेशनों में बनेंगे 64 बोगदे एवं अंडरब्रिज

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय रेल्वे स्टेशन में अमृत भारत योजना के तहत 25 करोड़ की लागत से हो रहे स्टेशन का कायाकल्प के सम्बंध में पीएम नरेन्द्र मोदी जी वर्चुअल शिलान्यास करने जा रहे है। वर्चुअल शिलान्यास सोमवार 11 बजे के करीब रखा गया है।

स्टेशन मास्टर राजेश बर्मन ने बताया कि गत दिनों उक्त से सम्बंधित तैयारियों का जायजा लेने दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे नागपुर रेल मंडल की प्रबंधक नमिता त्रिपाठी जी पहुंची हुई थी। उन्होंने राजनांदगांव रेल्वे स्टेशन परिसर में अमृत भारत योजना के तहत चल रहे 25 करोड़ के कार्यों का जायजा लिया व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

### प्लेटफार्म में लगेगा डिस्प्ले बोर्ड

बता दे कि आज सोमवार को मोदी जी के द्वारा अमृत भारत योजना के तहत चल रहे 25 करोड़ के निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास हेतु एक नं. प्लेट फार्म के पश्चिमी भाग में 16 बाई 12 का बड़ा सा डिस्प्ले बोर्ड लगाया गया है। आज सुबह मोदी जी के द्वारा वर्चुअल शिलान्यास के समय जिले के सांसद संतोष पांडे व अन्य जनप्रतिनिधियों सहित रेल्वे के बड़े अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा 26 फरवरी को न केवल राजनांदगांव स्टेशन व डोंगरगढ़ सहित देशभर के विभिन्न स्टेशन उन्नयन कार्य का वर्चुअल शिलान्यास किया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर पर दपुमरे रेल मंडल नागपुर मंडल के 64 अंडर ब्रिज तथा बोगदे का काम का श्री गणेश होगा।

### यहां शुरू होंगे निर्माण कार्य

मोदी जी द्वारा आज रखे जाने वाली वर्चुअल आधार शिला के पश्चात इन स्थानों में निर्माण कार्य शुरू होंगे जिनमें से सिवनी, पिपरडाही, पिपरडाही, चौरई, तुमसर-मुड़ी कोटा, कोका भंडारा रोड, गोंदिया-गुदमा, साल्हेकसा-आमगांव राजोली मूल मरोडा, दुर्ग-रसमड़ा आदि खंडो प्रमुख है। इसके अलावा दपुमरे नागपुर रेल मंडल के तहत 12 स्टेशनों में राजनांदगांव, डोंगरगढ़, बालाघाट, सिवनी, नैनपुर, मंडला फोर्ट, छिंदवाड़ा, आमगांव, कामठी, भंडारा रोड, तुमसर रोड एवं नेताजी सुभाषचन्द्र बोस, इतवारी स्टेशन भी अमृत भारत योजना में शामिल है। जिनमें उपरोक्त विकास कार्य होंगे। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा उक्त कार्यक्रम में लोगों को सम्मिलित होने की अपील की गई है।

# आत्मानंद स्कूल में यूनिफॉर्म के नाम पर की जा रही है पालकों से लूट - लीलाधर साहू

राजनांदगांव (दावा)। भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लीलाधर साहू ने एक बड़ा बयान देते हुए कहा कि पूर्ववर्तीय कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में शुरू की गई स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना में सभी आत्मानंद स्कूलों में स्कूल ड्रेस सप्लाई का ठेका सुमित बाजार को मिला हुआ है। जिसमें जूता, मोजा, पैंट, शर्ट, स्कर्ट, टाई आदि में बाजार दर से काफी अधिक रकम लिए जाने के समाचार हैं।



**कहा - शहर के सुमित बाजार को मिला है सप्लाई का ठेका**

स्कूल ड्रेस के नाम से अनाप-शनाप राशि लिए जाने से पालकों में रोष है। क्योंकि मध्यम और करीब तपके के बच्चे ही स्वामी आत्मानंद स्कूल में अध्ययन कर रहे हैं। हालांकि वह अपने बच्चों की भविष्य की चिंता करते हुए खुला विरोध करने से हिचक भी रहे हैं। लेकिन अंदर ही अंदर इस तरह की लूट से गुस्सा भरा हुआ है। श्री साहू ने आगे कहा कि प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर सहित जिले में संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूलों में हिंदी माध्यम और अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में शाला गणवेश के नाम पर स्कूल प्रबंधन और ठेकेदारों की मिली-भगत से बाजार दर से अत्यधिक दाम पर स्कूलों के माध्यम से पालकों को अपने बच्चों के लिए गणवेश खरीदनी पड़ रही है। उन्हें अपने मन से खुले बाजार से शाला गणवेश खरीदने की इजाजत शायद नहीं है और स्कूलों से ही खरीदना अनिवार्य कर दिया गया है।

ऐसी स्थिति में पालकों को अपने बच्चों के लिए स्कूल यूनिफॉर्म खरीदना बहुत ज्यादा महंगा पड़ रहा है। खबर है कि इस विषय को लेकर पालक आपस में संगठित होकर संयुक्त हस्ताक्षरित्र शिकायती मांग पत्र को शिक्षा मंत्री देने वाले हैं।

# शासकीय मुद्रणालय को लेकर इरफान शेख व हैरी जोसेफ ने अभिषेक सिंह को ज्ञापन सौंपा

राजनांदगांव(दावा)। शहर जिले के धरोहर के रूप में वर्षों से यहां चिखली में स्थापित गवर्नमेंट प्रेस के सुचारू रूप से संचालन की चिंता करते हुए मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख और जिला उपाध्यक्ष हैरी जोसेफ ने 24 फरवरी को अपने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से पत्र व्यवहार किया है।



पत्र में इन्होंने नए सेटअप के अनुसार भर्ती करने और विभिन्न शासकीय विभागों में आवश्यक कागजातों की पूर्ति इसी गवर्नमेंट प्रेस से छपाई करके पहले की तरह आपूर्ति जारी रखने की मांग की है उन्होंने बताया है कि सेटअप के अनुसार भारती नहीं होने से यहां कर्मचारियों की भारी कमी हो गई है भर्ती हो जाने से कई लोगों को रोजगार भी मिलेगा प्रेस का संचालन सुचारु रूप से होता रहेगा। वर्तमान में मुद्रणालय बंद होने की कगार पर पहुंच चुका है। बातों को गंभीरता से लेते हुए श्री सिंह आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

इस दौरान जिला भाजपा कार्यालय में पूर्व सांसद अभिषेक सिंह को ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से मोहम्मद इरफान शेख और हैरी जोसेफ के साथ दक्षिण मंडल के अध्यक्ष तरुण लहरवानी, महामंत्री हकीम खान अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री जहीर अब्बास एवं अल्पसंख्यक शहर जिला के अध्यक्ष सलीम कुरैशी भी उपस्थित थे।

# इण्डियन डेंटल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच की नयी कार्यकारिणी गठित

रायपुर (दावा)। 22 फरवरी 24 इण्डियन डेंटल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रांच द्वारा नवीन कार्यकारिणी समिति का गठन होटेल क्लार्क इन सूट्स, रायपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल रहें। कार्यक्रम में अध्यक्ष डॉ.राजीव सिंह, सेक्रेटरी डॉ.विवेक लाठ एवं अन्य एग्जीक्यूटिव मेंबर्स ने अपने अपने पद की शपथ ली। डॉ. विद्या वैद्य को 'छत्तीसगढ़ वूमेन डेंटल कौंसिल' का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया।




मंत्री श्याम बिहारी ने अपने उदबोधन में नर्सिंग होम एक्ट के तहत आने वाली दिक्कतों के निवारण के बारे में आश्वस्त किया। गांव, गरीब एवं किसानों के लिए सरकारी व्यवस्था में डेंटल सेवाओ की वृद्धि के लिए प्रावधान बनाने की बात कही। स्टेट लेवल शासन द्वारा में दूरस्थ इलाको में डेंटल कैम्प लगाकर दंत रोगों के प्रति जागरूकता फैलाने की इच्छा जाहिर की। आयुष्मान योजना में डेंटल पैकेज जोड़ने के लिए उन्होंने योजना को दोबारा रिव्यू करने की बात कही।

कार्यक्रम में इण्डियन डेंटल एसोसिएशन छत्तीसगढ़ स्टेट की सभी शाखाओं, रायपुर, दुर्ग-भिलाई, राजनांदगांव, बिलासपुर, बस्तर, अंबिकापुर से वरिष्ठ डेंटिस्ट एवं पदाधिकारियों समेत क़रीब 100 से अधिक डेंटिस्ट विशेष रूप से शामिल हुए। जिसमें राजनांदगांव से प्रतिनिधि के रूप में अध्यक्ष डॉ.शारदा साहू, कोषाध्यक्ष डॉ. रूद्रप्रताप सिंह ठाकुर एवं सहसचिव डॉ.नीतू सिंह ठाकुर ने भाग लिया। इस पूरे कार्यक्रम में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल जी के मार्गदर्शन में अध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह द्वारा आगामी समय में डेंटल यूनियन के सकारात्मक सहयोग से आम जनता के दंत स्वास्थ्य लाभ को लेकर रूपरेखा तैयार की गयी।

# आचार्य विद्यासागर महाराज को दी गई विनयांजलि



राजनांदगांव (दावा)। पूज्य सकल जैन समाज द्वारा आयोजित विनयांजलि कार्यक्रम में शनि देव धाम परिवार द्वारा आचार्य विद्यासागर महाराज को दीपांजलि से विनयांजलि दी गई। इस अवसर पर राकेश ठाकुर जयनारायण सिंह बागेश्वर धाम से प्रज्ञा गुप्ता, पंकज गुप्ता, सूरज गुप्ता, बाल रत्न मंडल से सौरभ खंडेलवाल, हरीश भानुशाली, मयंक शर्मा, शिवनाथ तट समिति से डी.सी जैन महाकाल सिंघोला से पवन डागा एवं विभिन्न समाज प्रमुख उपस्थित थे।

# तृतीय चरण विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत राजीव नगर बसंतपुर में प्रथम शिविर का शुभारंभ

## मोबाईल वेन एवं स्टाल के माध्यम से केन्द्र सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की वार्डवासियों को दी गयी जानकारी

राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की योजनाओं से नागरिकों को जागरूक करने एवं शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने के उद्देश्य से निकली विकसित भारत संकल्प यात्रा तृतीय चरण की मोबाईल वेन आज नगर निगम सीमा क्षेत्र में पहुंची। वेन के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और योजनाओं का लाभ देने आज प्रथम शिविर प्रातः राजीव नगर, सामुदायिक भवन बसंतपुर मैदान में लगाया गया।

शिविर के प्रारंभ में नेताप्रतिपक्ष किशुन यदु, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन, पार्षद शिव वर्मा, ऋषि शास्त्री, श्रीमती खेमीन यादव, पूर्व पार्षद शेखर यादव, पार्षद प्रतिनिधि राजेश यादव, सेवकराम उईके, जीवन चतुर्वेदी सहित निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता, नायब तहसीलदार आर.एन. पटेल ने छत्तीसगढ़ महतारी की तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया तथा छत्तीसगढ़ राजगीत के माध्यम से शिविर का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के पूर्व कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके, प्र.कार्यपालन अभियंता कामना सिंह यादव, सहायक अभियंता प्रणय मेश्राम, राजस्व अधिकारी दीपक अग्रवाल ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। स्वागत पश्चात अतिथियों ने फिता काटकर शिविर का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में अतिथियों ने हितग्राहियों से मुलाकात कर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने उपस्थित जनों को संकल्प दिलाई और सभी विभाग द्वारा लगाये गये स्टालो का अवलोकन किया। साथ ही अतिथियों द्वारा मोबाईल वेन का स्वागत किया गया, वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वाचन तथा चलचित्र के माध्यम से विकसित भारत के उद्देश्य की समान्य जानकारी दी गयी।




नेता प्रतिपक्ष श्री यदु ने शिविर को संबोधित करते हुये कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण के प्रथम शिविर का आज बसंतपुर राजीव नगर में शुभारंभ हो रहा है, शिविर का प्रमुख उद्देश्य यह है कि शासन ने जो योजना लागू की है उसका लाभ लोगों को मिला की नहीं, मिला तो कितना मिला, जिनको मिला वो अपना अनुभव बता रहे है, जिन्हें लाभ नहीं मिला उन्हें लाभ देने शिविर लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मैं इस मंच के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देता हूॅ, जिन्होंने केन्द्र सरकार की योजना का लाभ देने संकल्प यात्रा प्रारंभ किये। उन्होंने वार्डवासियों से शिविर में उपस्थिता होकर योजना का लाभ लेने की अपील की है।

सांसद प्रतिनिधि श्री सेन व श्रीमती खेमीन यादव ने भी अपने संबोधन में मोदी सरकार को धन्यवाद देते हुये कहा कि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने चरणबद्ध वार्डो में शिविर लगाया जा रहा है, तीसरा चरण का पहला शिविर आज राजीव नगर में लगा है, जहॉं योजनाओं का लाभ वार्डवासियों को दिया जावेगा। उन्होंने कहा कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने महिलाओं ने बड़ी संख्या में आवेदन भरे है, जिसका लाभ उनकों 8 मार्च से मिलेगा।

कार्यक्रम में स्वागत उदबोधन देते हुये आयुक्त श्री गुप्ता ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर के संबंध में जानकारी देते हुये केन्द्र सरकार की योजनाओं एवं उसके लाभ के बारे में क्रमवार जानकारी दिये। उन्होंने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के तृतीय चरण में आज से शिविर प्रांरभ होकर कल 27 फरवरी तक दो पालियों में चलेगा, जिसमें आज राजीव नगर सामुदायिक भवन बसंतपुर मैदान तथा द्वितीय शिविर लखोली गौठान मैदान, आज 26 फरवरी को नवागांव मिडिल स्कूल मैदान तथा चिखली स्कूल मैदान में एवं अंतिम दिन कल 27 फरवरी को पेण्ड्री रमन बाजार मैदान में व मोहारा गौठान मैदान में शिविर आयोजित होगा। जहॉं वार्डवासी उपस्थित होकर शासन की योजनाओं का लाभ लेगे।

### शिविर में वार्डवासियों ने विभिन्न योजनाओं के लिये किया आवेदन

विभिन्न वार्डो के 500 सौ से अधिक लोग शिविर में उपस्थित होकर एवं पोर्टर के माध्यम से योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 15 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 200 ने, आधार के लिये 30 ने, उज्जवला योजना के लिये 15 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 15 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 6 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में 75 से अधिक लोगां कों चिकित्सा सुविधा का लाभ दिया गया, जिसके तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम एवं आयुष विभाग द्वारा मरीजों की जॉचकर दवाई का वितरण किया गया।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 05 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 5 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। उन्होंने आयुष्मान कार्ड तथा केन्द्र सरकार की योजना के द्वारा लिये गये लाभ की जानकारी देकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 16 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, राजस्व विभाग सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये।

शिविर में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु सहित पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने आयुष्मान कार्ड, महिला समूहों को ऋण तथा उज्जवला योजना के तहत गैस चुल्हा उपलब्ध कराया तथा अतिथियों ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वस्थ बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन महापौर परिषद के सचिव संजीव कुमार मिश्रा ने किया। शिविर में बड़ी संख्या में हितग्राही, लाभार्थी, वार्डवासी तथा अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

**आवश्यकता है**
अश्वनी अमृत तुल्य शॉप में कार्य करने हेतु लड़का एवं लड़की की।
महामाया चौक बसंतपुर राजनांदगांव
मो. नं. 6260697888
8269885285







**किराये से देना है**
फर्स्ट फ्लोर में 3700 वर्गफीट हॉल किराये से देना है।
पता - मोहारा नदी रोड, ब्लू डायमण्ड सिटी के पास, अनय लॉन के सामने, राजनांदगांव
संपर्क करें
79991-61135
81037-58669




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com